




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 195 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 3 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-










देश में सबसे कम बेरोजगारी के मामले में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर

# राज्य की नीतियों की वजह से मिली उपलब्धि

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर न्यूनतम 0.6 प्रतिशत पर बरकरार, देश में बढ़कर 7.8 प्रतिशत

**रायपुर।** देश में सबसे कम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ शीर्ष से दूसरे स्थान पर है। बीते दिनों सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2022 में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 0.6 फीसदी दर्ज किया गया है, जो राज्य के इतिहास में अब तक के अपने न्यूनतम स्तर पर है। जबकि राष्ट्रीय बेरोजगारी दर का आँकड़ा मार्च के मुक़ाबले 0.9 फ़ीसदी बढ़कर 7.8 फीसदी पर जा पहुँचा है। राष्ट्रीय आंकड़ों को देखें तो अप्रैल में शहरी क्षेत्रों में 9.2 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों का आंकड़ा 7.2 फीसदी है। इधर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य के लिए बनाई गई नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ ने यह उपलब्धि हासिल की है। यहां राज्य में नवाचार हुए, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और हर हाथ को काम मिला।

सीएमआईई द्वारा 1 मई 2022 को बेरोजगारी दर के आंकड़े जारी किए गए। इन आंकड़ों के मुताबिक सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में जहां 0.2 फीसदी के साथ हिमाचल प्रदेश शीर्ष पर है। वहीं 0.6 फीसदी के साथ छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। असम 1.2 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं ओडिशा में 1.5 प्रतिशत, तो गुजरात और मध्यप्रदेश में यह आंकड़ा 1.6 प्रतिशत है। दूसरी ओर सर्वाधिक बेरोजगारी दर के मामले में हरियाणा शीर्ष पर है, जहां 34.5 फीसदी बेरोजगारी दर दर्ज की गई है। बिहार में 21.1 फीसदी, जम्मू एवं काश्मीर में 15.6 फीसदी और गोवा में 15.5 फीसदी बेरोजगारी दर बताई गई है।



### रोजगार मिशन से नई उम्मीद

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ में रोजगार मिशन की शुरुआत की गई है। इसके तहत अगले पांच साल में राज्य में 12 से 15 लाख नए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। रोजगार मिशन राज्य के युवाओं के लिए नई उम्मीद के तौर पर है। साथ ही यह भी उम्मीद है कि रोजगार मिशन छत्तीसगढ़ के विकास की नई इबारत लिखेगा।

### इसलिए छत्तीसगढ़ में रोजगार

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने समावेशी विकास के लक्ष्य के साथ काम करना शुरू किया। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के साथ गांवों की आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में नवाचार किए गए। इसमें सुराजी गांव योजना के अंतर्गत नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम ने महती भूमिका निभाई तो दूसरी ओर गोधन न्याय योजना के साथ गौठानों को रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के तौर पर विकसित किया गया, जिससे गोबर बेचने से लेकर गोबर के उत्पाद बनाकर ग्रामीणों को रोजगार मिला। रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। 7 से बढ़ाकर 65 प्रकार के लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और इन लघु वनोपजों के प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन किया गया। इससे वनांचल में भी लोगों को रोजगार मिला। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में प्रयास हुए तो वहीं इस योजना के बाद उत्साहित किसानों की दिलचस्पी कृषि की ओर बढ़ी। राज्य में खेती का रकबा और उत्पादन बढ़ा। राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर योजना के तहत पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों को आर्थिक सहायता मिली। राज्य में नई उद्योग नीति लागू की गई, जिसमें अनेक वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों में सब्सिडी के प्रावधान किए गए। इससे उद्मिता विकास को गति मिली।

### कोरोना की लहर में भी लोगों को मिला काम

गौरतलब है कि वैश्विक महामारी कोरोना के संकट काल में पूरी दुनिया आर्थिक मंदी से प्रभावित हुई। देश में भी अर्थव्यवस्था ढह गई, लेकिन कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भी आर्थिक मंदी से छत्तीसगढ़ अछूता रहा। छत्तीसगढ़ में कोरोना के दौरान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम जारी रहा, जिससे लोगों को नियमित तौर पर काम मिलता रहा। महामारी अधिनियम के निर्धारित मापदंडों के साथ औद्योगिक इकाई में भी काम चलता रहा। सभी सावधानियों के साथ आवश्यकतानुसार बाजार भी खुले।

## खास खबर

### मीठी ईद पर कड़वे बोलः हर शख्स मेरा साथ, निभा भी नहीं सकता, ट्वीट में किस पर साधा निशाना?

**रामपुर ( एजेंसी )।** ईद के पावन मौके पर रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से सपा के विधायक अब्दुल्ला आजम अपने पिता आजम खां को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने अपने पिता को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बिना पहली ईद है। अल्लाह कभी दोबारा ऐसा मौका ना लाए। उन्होंने अपने पिता आजम खां के नाम से किए एक ट्वीट में इशारों में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी तंज कसा।

इससे पहले उन्होंने एक शायरी लिखते हुए तंज कसा, ''वो जो ख्वाब था मेरे जहन में, न मैं कह सका न मैं लिख सका, कि जबान मिली तो कटी हुई, कि कलम मिला तो बिका हुआ।'' समाजवादी पार्टी (सपा) से विधायक आजम खां विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं। वे इस समय सीतापुर जेल में हैं। इस बार ईद उन्हें जेल में ही मनानी पड़ रही है।

सपा अध्यक्ष पर किया तंज

इसके बाद उन्होंने अपने पिता आजम खां के नाम से एक और ट्वीट कर अपनी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर भी तंज कसा। ट्वीट में लिखा है, ''तू छोड़ रहा है, तो खता इसमें तेरी क्या, हर शख्स मेरा साथ निभा भी नहीं सकता। वैसे तो एक आंसू ही बहा के मुझे ले जाए, ऐसे कोई तूफ़ान हिला भी नहीं सकता। ईद मुबारक, आपका और सिर्फ़ आपका, मोहम्मद आज़म खां।''

हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आजम खां के बीच में दरार देखने को मिली है। पिछले दिनों सीतापुर जेल में उनसे मिलने पहुंचे सपा के प्रतिनिधिमंडल से भी मिलने से इनकार कर दिया था।

### किसान से रिश्वत लेते पटवारी कैमरे में कैद, एसडीएम ने किया सस्पेंड

**रायपुर।** राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार का मामला लगातार सुर्खियों में है। एक तरफ सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, दूसरी ओर सरकारी कर्मचारी किसानों को लूटने में लगे हैं। 4 दिन पहले कांकेर में एक महिला पटवारी का घूस लेते वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। अब मुंगेली जिले के लोरमी तहसील के एक पटवारी का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह किसान से ऋष्ण पुस्तिका बनाने के लिए 5 हजार रुपये मांग रहा है। मामला उजागर होने के बाद एसडीएम ने पटवारी को निलंबित कर दिया है।

## बालोद जिले में दो गुटों के बीच झड़प, छह लोग घायल एक गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद जिले के एक सुदूर गांव में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई झड़प में कम से कम छह लोग घायल हो गए। इन गुटों में से एक दक्षिणपंथी संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को मांगचुआ थाना क्षेत्र के तुगोंडी गांव में दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों की स्थानीय ग्रामीणों के साथ कथित तौर पर विवाद के बाद झड़प हुई। जो कि किसी तरह के पारंपरिक अनुष्ठान करने में लगे हुए थे।

पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य को हिरासत में लिया गया है। बालोद की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि झड़प की सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि कुएगोंडी के आदिवासी समुदायों के लोगों ने रविवार को जामदी पाठ पहाड़ी पर अपने पूजा स्थल पर कुछ पारंपरिक अनुष्ठान किए थे।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार, वहां से लौटने के बाद, जब वे अपने देवता के लिए कुछ अनुष्ठान कर रहे थे और भोजन करने के लिए एक स्थान पर एकत्र हुए, तब बजरंग दल के लोगों का एक समूह कथित तौर पर लाठी और तलवार लेकर वहां पहुंच गया।

ऐसे में दोनों गुट आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे से भिड़ गए। मेश्राम ने बताया कि दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव भी किया। मेश्राम ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर उन पर हमला करने वाले समूह के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## गृहमंत्री साहू ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती की दी शुभकामनाएं



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रदेश के लोक निर्माण व् गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। अपने संदेश में गृहमंत्री साहू ने कहा कि अक्षय तृतीया को सुख एवं समृद्धि बढ़ाने वाला पर्व माना जाता है। हमारी संस्कृति में अक्षय तृतीया का दिन मांगलिक कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख-समृद्ध एवं अपार सफलता ले कर आये, यही ईश्वर से कामना है।

गृहमंत्री ने एक अन्य संदेश में कहा है कि शस्त्र और शास्त्र में पारंगत प्रभु परशुराम जी का समाज में सत्य एवं न्याय की स्थापना करने में अतुलनीय योगदान रहा। सत्य और न्याय के मार्ग में आने वाली बाधाओं से आजीवन लड़ने वाले वाले प्रभु परशुराम के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि कठिनाइयां कितनी भी हों, हमें सत्य और न्याय के पथ से कभी विचलित नहीं होना चाहिए।

### ईद-उल-फितर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दी शुभकामनाएं

दुर्ग। ईद-उल-फित्तर देश भर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के सभी मुस्लिम भाइयों-बहनों को ईद की दिली मुबारकबाद दी है। ईद के मुबारक मौके पर उन्होंने ईश्वर से प्रदेश के अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की कामना की है। गृहमंत्री साहू ने बधाई सन्देश में कहा कि ईद-उल-फित्तर का यह मौका माहे रमजान की कड़ी इबादत के बाद खुशियों का पैगाम लेकर आता है। यह रहमतों, बरकतों और इबादत का पाक महीना होता है। मेरी दुआ है कि परवरदिगार आप सब की इबादत कबूल फरमाए।

## जल्द शुरू होगा सी मार्ट, विधायक देवेंद्र यादव ने किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज सुबह पावर हाउस मदर मार्केट और सी मार्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। जहाँ उन्होंने अधिकारियों के साथ पूरा सी मार्ट का बारीकी से निरीक्षण किया और जल्द ही इसे चालू करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार सी मार्ट को प्रारंभ कराने की दिशा में प्रयासरत है। जोन 4 के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा और जोन कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने बताया वे लगातार काम मे जूटे है। प्रयास कर रहे है कि जल्द से जल्द सी मार्ट शुरू हो सके। इस दौरान भिलाई नगर विधायक श्री यादव ने कहा कि यह हमारे प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की महत्वाकांक्षी योजना है। ऐसे जल्द से जल्द शुरू करना होगा। विधायक देवेंद्र यादव ने सी मार्ट का निरीक्षण करते हुए कहा कि सामने पोर्शन का जो काम है उसे पूरा करे। साफ सफाई कराएं और मदर्स मार्केट की तरह ही सी मार्ट को भी महिलाओं को फोकस का बनाए। ताकि भिलाई सहित प्रदेश की सभी महिला समूह चाहे वे किसी भी वर्ग की हो सबको इसका लाभ मिलना चाहिए। महिलाएं अपने समूह द्वारा जिस भी प्रोडक्ट का उत्पादन कर रही है। उन सब को बेचने के लिए उन्हें बेहतर और बड़ा प्लेटफार्म मिल सके। सी मार्ट जिस भवन में खोला जाएगा वह भवन को पूरी तरह से तैयार करने के साथ ही सीलिंग फाल लगाने के भी निर्देश दिए है।

### प्रदेश का नंबर 1 सीमार्ट होगा

निरीक्षण के दौरान भिलाई नगर विधायक श्री यादव ने कहा कि भिलाई के इस सी मार्ट को ऐसा सी मार्ट बनाना है जो प्रदेश का सबसे खास और बेहतरीन हो। इसके लिए और भी जो प्लानिंग करनी है कीजिए और जल्द से जल्द प्रोजेक्ट बनाकर दीजिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विधायक प्रतिनिधि व लोककर्म प्रभारी नगर निगम भिलाई एकांश बंछोर के साथ मिलकर सभी जरूरी सुविधाओ को ध्यान में रख कर प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए कहा।

### महिलाओं को स्वरोजगार दिशा में जोड़ने के लिए चौपाटी भी होगा

पावर हाउस भिलाई में मदर्स मार्केट बनाया गया है। इसी के बाजू वाले भवन में सी मार्ट खोला जाएगा। आज जब विधायक श्री यादव ने निरीक्षण किया तो उन्होंने कहा कि यहाँ सी मार्ट और मदर्स मार्केट महिलाओं के लिए होगा। मदर्स मार्केट की दुकानों को जल्द से जल्द ही महिलाओं को आबंटित करने के लिए कहा। ताकि महिलाओं को अपने व्यवसाय को जल्द शुरू कर सके। इसके साथ ही यहाँ पर चौपाटी भी बनाई जाएगी। इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू हो गया है। बताया गया कि यहाँ जल्द ही महिलाओं को सौप दिया जाएगा। चौपाटी में जो चाट, गुपचुप, फ़ास्ट फूड के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजन व पकवान का स्वाद भी चखने को मिलेगा और सभी दुकाने महिलाओं को ही दिया जाएगा। इसके अलावा यहाँ पर छत्तीसगढ़ सरकार ने जेनरिक मेडिकल खोला है। जहाँ लोगों को सस्ते दाम में दवाइयां मिल रही है।







## संपादकीय

# तीसरा मोर्चा बना तो क्या करेंगे पीके?

भाजपा और कांग्रेस से मुकाबले के लिए एक तीसरा मोर्चा बन रहा है। इस बात का अंदाजा दूसरे मोर्चे का नेतृत्व कर रही कांग्रेस पार्टी को है। कांग्रेस की मदद के लिए आगे आए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को भी इसका अंदाजा है और इसी वजह से उन्होंने कहा है कि अगले चुनाव में भाजपा का मुकाबला सिर्फ दूसरा मोर्चा ही कर सकता है। वे मान रहे हैं कि दूसरा मोर्चा ही भाजपा को हरा सकता है। दूसरा मोर्चा का मतलब कांग्रेस और उसकी कमान वाली यूपीए है। इसमें कई प्रादेशिक क्षत्रप शामिल हैं। डीएमके, जेएमएम, एनसीपी जैसी बड़ी पार्टी इसमें हैं। इनके अलावा कुछ छोटी पार्टियां हैं, कुछ राजद ऐसी पार्टियां हैं, जो यूपीए में रही हैं लेकिन इस समय उससे अलग हैं और कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जो हाशिए पर बैठ कर इंतजार कर रही हैं। इनके अलावा वामपंथी पार्टियां हैं, जो दूसरे मोर्चे के साथ जुड़ सकती हैं। परंतु प्रशांत किशोर के सामने मुश्किल यह है कि उनकी क्लायंट पार्टियां तीसरा मोर्चा बना रही हैं। उनकी कंपनी आई–पैक का तृणमूल कांग्रेस के साथ 2026 तक करार है तो आई–पैक ने हाल ही में तेलंगाना राष्ट्र समिति के साथ करार किया है। अगर ये दोनों पार्टियां तीसरे मोर्चे में रहती हैं और कांग्रेस के नेतृत्व वाले दूसरे मोर्चे से तालमेल नहीं करती हैं तो प्रशांत किशोर क्या करेंगे? वे अगर सिद्धांत रूप से भी दूसरे मोर्चे के साथ जुड़े रहते हैं तो फिर तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में उनकी क्या भूमिका होगी? वे टीआरएस के लिए काम करेंगे या तटस्थ रहेंगे? यही दुविधा पश्चिम बंगाल में भी होगी। इसलिए कोई तीसरा मोर्चा बनने से पहले उनको आगे बढ़ कर इसे रोकना होगा और ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को दूसरे मोर्चे के साथ लाना होगा। अगर कांग्रेस पार्टी उनके प्रस्ताव पर तैयार हो जाती तो वे यह काम बहुत आसानी से कर सकते थे। लेकिन कांग्रेस ने अपने लिए भी और उनके लिए भी मुश्किल खड़ी कर दी है।

> “ प्रशांत किशोर के सामने मुश्किल यह है कि उनकी क्लायंट पार्टियां तीसरा मोर्चा बना रही हैं। उनकी कंपनी आई–पैक का तृणमूल कांग्रेस के साथ 2026 तक करार है तो आई–पैक ने हाल ही में तेलंगाना राष्ट्र समिति के साथ करार किया है। अगर ये दोनों पार्टियां तीसरे मोर्चे में रहती हैं और कांग्रेस के नेतृत्व वाले दूसरे मोर्चे से तालमेल नहीं करती हैं तो प्रशांत किशोर क्या करेंगे?

## महिलाओं के लिए चुनाव में सिर्फ घिसे-पिटे वादे नहीं ठोस सकारात्मक कदम उठाने की जरुरत

दुनिया जब, सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश भारत में महिलाओं के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य के बारे में बात कर रही हो तो उसे सच्चाई से रूबरू कराना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है और ऐसे समय में जब भारत के पास महिला रूपी वृहत राजनीतिक भंडार हो तब भारत को चाहिए कि इस वृहत राजनीतिक भण्डार से शक्ति और सामर्थ्य ले। केंद्र और राज्य में चाहे सत्ता में बैठी हुई मजबूत राजनीतिक पार्टियाँ हों या फिर निगाहों से ओझल विकेन्द्रित राजनीतिक पार्टियाँ हों, समय की जरुरत है कि ये सब मिलकर महिला राजनीति को एक नया रूप और एक नया आयाम दें। महिलाओं में नव–नेतृत्व की परंपरागत समृद्धि हमेशा से रही है बस जरुरत है तो उसे समझने की और राजनीतिक गलियारों में स्थान देने की। भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राजनीतिक चिंतन के अनुरूप महिलाओं के नव–नेतृत्व करने की उत्कर्ष अपने आने वाले कल के राजनीतिक सपनों को नव–आकार दे रही है। वास्तव में देखें तो महिलाओं की राजनीतिक स्थिति का निर्माण किसी भी देश की तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थितियों के आधार पर तय होती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ जाति का वर्चस्व हमेशा से रहा है वहाँ पर आर्थिक और सामाजिक स्थिति महिलाओं की राजनीति को और भी ज्यादा प्रभावित करती है। विश्व राजनीति के संदर्भ में भारतीय महिलाओं की राजनीतिक धरातल प्राचीन होते हुए भी आज संसद और विधान सभाओं में महिलाओं की उपस्थिति दयनीय है खासकर ओबीसी, एससी एसटी समाज यानी कि बहुजन समाज से आने वाली महिलाओं की जबकि आजादी के समय से ही महिलाओं की राजनीतिक जागृत और बौद्धिक विकास से राष्ट्रीय आंदोलनों को अपार शक्ति मिली है। इसका एक ताजा उदाहरण अभी देश भर में चल रहे किसान आंदोलन में देखा गया है जिसमें महिलाओं ने आगे बढ़कर अपना अमूल्य योगदान दिया था। आज महिलाएँ केवल राष्ट्रहित के कार्यों तक ही नहीं हैं बल्कि वे अपने राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करने के प्रति भी सचेष्ट हैं। अगर वह अपने मताधिकार का प्रयोग बखूबी कर सकती हैं तो राजनीतिक नेतृत्व भी संभाल सकती हैं। देश की आधी आबादी के अंदर एक नए समानता की लहर लाने की जरुरत है, नए राजनीतिक कार्यों के लिए महिला नेत्रियों की जरुरत समय की मांग है। वर्तमान समय में समाज की कुछ शिक्षित महिलाएँ किसी न किसी राजनीतिक पार्टी में या नेतृत्व करने के क्षेत्र में शामिल होना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि वह अपनी व्यक्तिगत एवं स्वतंत्र प्रतिष्ठा की प्राप्ति स्वयं करें। अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप अधिकांश महिलाएँ राजनीतिक गतिविधियों में संलग्न हो तो रही हैं लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह संलग्न मात्र ही रह जा रही हैं। सदियों से राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी समाज में विद्यमान कुछ कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि उसका आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक हालात। इसलिए समय की मांग यह भी है कि महिलाओं के सन्दर्भ में नई राजनीतिक व्यवस्था का निर्माण किया जाये ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिला भी राजनीतिक भागीदारी कर सके और अपने लिए कानून बना सके।

– **कंचना यादव**

> “ सचमुच छत्तीसगढ़ सरकार लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर चल रही है। प्राचीन युग में राज्य को नैतिक कल्याण का साधन माना जाता था। रामायण काल में तो रामराज्य की अवधारणा इसी लोककल्याणकारी राज्य के सिद्धान्त पर आधारित थी। लोक कल्याणकारी राज्य से तात्पर्य किसी विशेष वर्ग का कल्याण न होकर सम्पूर्ण जनता का कल्याण होता है। इस तरह सम्पूर्ण जनता को केन्द्र मानकर जो राज्य कार्य करता है, वह लोक कल्याणकारी राज्य कहलाता है और इसी सिद्धांत पर छत्तीसगढ़ ‘जनकल्याणकारी सरकार’ की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### भूपेश सरकार के चालीस माह पूरे

# सेवा-जतन-सरोकार की भावना के साथ जरूरतमंद को न्याय दिलाने में बीता हर पल



एल.डी. मानिकपुरी, सहायक सूचना अधिकारी, जनसम्पर्क

भूपेश बघेल की पहचान अब सिर्फदुर्ग जिले के पाटन विधानसभा के विधायक के तौर पर ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के करीब तीन करोड़ लोगों के विश्वास पात्र के रूप में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फ्लक पर होने लगी है।

छत्तीसगढ़ मूलत: किसानों व आदिवासियों का राज्य है। भूपेश बघेल ने किसानों से 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदकर, धान का वाजिब दाम और अन्नदाता को सम्मान दिया। उन्होंने यहां रहने वाले हमारे प्रिय आदिवासी भाई–बहनों के दर्द को महसूस किया और उसे दूर करने के उपाय भी किए। बस्तर के लोहण्डीगुड़ा में देश के प्रमुख उद्योग घराने द्वारा उद्योग लगाने के नाम पर जमीन काबिज किए गए थे लेकिन न वहाँ उद्योग लगा और न ही 1700 से अधिक किसानों की 4200 एकड़ जमीन वापस हुई। 17 दिसम्बर 2018 को भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ घंटे के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल की अहम बैठक में निर्णय लिया कि इन पीड़ित आदिवासी किसानों को न्याय दिलाते हुए उनकी जमीन वापस की जाएगी। उनके निर्णय पर तत्काल अमल करते हुए आदिवासी किसानों की सारी जमीन वापस कर दी गई। इस ऐतिहासिक कदम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि तेज–तर्रार और न्यायप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी। सिर्फ इतना ही नहीं बरसों से खरीफ फसल के लिए कर्ज लेकर किसानी करने वाले किसान भाई–बहनों के अल्पकालीन कृषि ऋण भी माफ कर दिया गया।

प्रदेश में एक तरफ किसान तो दूसरी ओर वनों पर आश्रित रहने वाले आदिवासियों को उनकी उपज का सही दाम दिलाने के लिए तेदूपत्ता संग्रहण मजदूरी दर 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए किया। 7 से बढ़ाकर 65 लघुवनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने के निर्णय तथा किसानों के 15 बरसों से लंबित 15 लाख किसानों के अल्पकालीन सिचाई कर माफ कर आदिवासियों और किसानों के चेहरे में मुस्कान बिखेरने में सफल हुए।

छत्तीसगढ़ी में एक कहावत है कि ‘एक दिन घुरवा के दिन घलो बहुरथे’। यह कहावत सच भी हो रहा है। श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी के रूप में प्रचलित नरवा, गरूवा, घुरवा, बारी को सुराजी गांव योजना के तहत नए सिरे से विकसित किया। छत्तीसगढ़ सरकार देश की ऐसी पहली राज्य सरकार है, जिसने दो रूपये किलो की दर से गोबर खरीद कर पशुधन पालकों व ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की पहल की। गोधन न्याय योजना के तहत जहां रोजगार के नित–नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं, वहीं जैविक खेती को भी बढ़ावा मिल रहा है। गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों तथा महिला समूहों को 232 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस महत्वाकांक्षी योजना की प्रशंसा एक तरफजहां लोकसभा में कृषि मामलों की स्थायी समिति ने सदन में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की सराहना करते हुए केंद्र सरकार को सुझाव दिया है कि किसानों से मवेशियों के गोबर खरीद की ऐसी ही योजना पूरे देश के लिए शुरु की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर नीति आयोग ने भी सराहा है। योजना की सफलता का ही सुफल है कि आज देश के कई राज्य अब इसे अपनाने पर जोर दे रहे हैं।

सरकार बने महज दो–ढाई साल ही हुए थे कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश व विश्व में कोरोना जैसी बीमारी ने हाहाकार मचाकर रख दिया। ऐसे में प्रदेश के मुखिया व संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री बघेल रात–दिन एक कर मरीजों के लिए अस्पताल, डॉक्टर, पलंग, दवाई, स्टॉफ आदि की समुचित व्यवस्था में जुटे रहे। लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंद तबकों के लिए राशन, श्रमिक भाइयों व ग्रामीणों को मनरेगा के तहत रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री निवास में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार बैठक लेते रहे। कोरोना से बचने के उपाय के साथ–साथ जनजागरण में भी जुटे रहे। छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जहाँ आर्थिक मंदी, बेअसर रही। इस तरह छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश में होने लगी और नतीजा यह निकला कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 22 प्रतिशत से घटकर मात्र 0.6 प्रतिशत हो गया।



मुख्यमंत्री श्री बघेल अपने भाषणों में अक्सर महात्मा गाँधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसे महापुरूषों के रास्ते पर चलकर ही छत्तीसगढ़ के गांवों व शहरों के विकास के रास्ते को मज़बूती के साथ आगे बढ़ाने का जिक्र करते हैं। उनकी योजनाओं में यह स्पष्ट दिखाई भी देता है। सार्वभौम पीडीएस के तहत हर परिवार के हर पेट को भरपूर भोजन देने का निर्णय हो, बिजली बिल हाफ के तहत 41 लाख उपभोक्ताओं के 2200 करोड़ रूपए की बचत हो, श्री धन्वंतरि जेनेरिक दवाखाना के तहत 159 मेडिकल स्टोर की स्थापना की गई, 50 प्रतिशत से अधिक सस्ती दवाएं मिलने के कारण 18 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला और 17 करोड़ रूपए की बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत 25 लाख लोगों को हाट बाजार में ही अस्पताल जैसी सुविधा मिली। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण के तहत पंजीकृत भवन श्रमिकों की दो बेटियों को 20–20 हजार रूपए की मदद, कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को जनभागीदारी की मदद से जीत रहे हैं। छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान पूरे देश में बेहतर रहा। इसके लिए केन्द्र सरकार ने राज्य को सम्मानित भी किया है। 2030 तक राज्य को मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। फरवरी–2020 में बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त अभियान की शुरुआत हुई थी। बस्तर में 62.5 प्रतिशत कमी देखने को मिला है।

छत्तीसगढ़ महिला कोष में अब–तक 39 हजार समूहों के 9500 करोड़ रूपए से अधिक के ऋण वितरण किया गया है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की बदौलत ही वर्ष 2020–21 में लैंगिक समानता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को प्रथम पुरस्कार मिला। छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परम्परा, आस्था को बढ़ावा देने जैसे निर्णय हो, तीज, हरेली, भक्तमाता कर्मा जयंती, छठ, छेरछेरा–पुन्नी व विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, पौनी– पसारी जैसे पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा, प्रतियोगी परीक्षा पीएससी, व्यापम, विशेष कर्मचारी चयन बोर्ड में बैठने वाले युआओं की परीक्षा शुल्क माफ, 12वीं तक नि:शुल्क शिक्षा, बेटियों को स्नातक तक नि:शुल्क पढ़ाने की व्यवस्था, गरीब बच्चों को भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में भर्ती, इसी तरह हिंदी माध्यम में भी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल योजना, 32 शालाओं में अधोसंरचना विकास, नई उद्योग नीति के तहत 83 हजार 450 करोड़ रूपए निवेश, 1950 उद्योग स्थापित और 35 हजार 754 लोगों को रोजगार, ई–श्रेणी पंजीयन के तहत 5 हजार बेरोजगारों का पंजीयन और 226 करोड़ रूपए के काम आवंटित भी हुए हैं।

‘राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना’ के तहत सालाना 7000 रूपए की मदद जैसे अभिनव निर्णय, राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत कोरिया से सुकमा तक पर्यटन व अधोसरंचना विकास को बढ़ावा देने की पहल से माता कौशल्या की धरती चंदखुरी व माता शबरी की भूमि शिवरीनारायण स्थित मंदिरों का जीर्णोद्धार के साथ पर्यटन का बड़ा केंद्र स्थापित करने से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेशवासियों का दिल जीत लिया।

अंतराराष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 2022 तो छत्तीसगढ़ राज्य के लिये यादगार दिवस बन गया ज़ब मुख्यमंत्री के आहवान पर समूचे प्रदेशवासियों ने ‘बोरे बासी’ का सेवन किया। श्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण व श्रम का सम्मान करके एक ऐसा संदेश दिया कि पंच से लेकर समूचे मंत्रिमंडल और कोतवाल से लेकर मुख्य सचिव तक ने बोरे बासी का स्वाद लिया। इस तरह श्रम दिवस के दिन ‘मनखे–मनखे एक समान’ की अवधारणा को जन–जन तक पहुंचाने में सफल हुए और ‘मज़बूत मजदूर’ के पसीने के सम्मान को छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान से जोड़ दिया।

भूपेश बघेल की एक और खासियत है कि वे जो कहते हैं, उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं। तीन साल चार माह सत्रह दिन की इस सरकार ने प्रदेश को 6 नए जिले देकर बरसों से उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की भावनाओं का ध्यान रखने के साथ, प्रशासन को आम जनता के नजदीक लाने का काम भी किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ज़ब बजट सत्र के दौरान विधानसभा में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा की तो छत्तीसगढ़ के लाखों हाथों ने उन्हें आशीष दिया तो वहीं बूढ़े माँ–बाप ने यह कहकर पड़ोसियों और अपने रिश्तेदारों को बताया ‘मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ह हमर बेटी–बेटा मन बर पुराना पेंशन लागू करके बुढ़ापा के चिंता ले मुक्त कर दिस, धन्यवाद भूपेश सरकार’। और इस तरह छत्तीसगढ़ के युवाओं के चहेते ‘कका’ ने साबित कर दिया कि ‘भूपेश हैं तो भरोसा है।’

सचमुच छत्तीसगढ़ सरकार लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर चल रही है। प्राचीन युग में राज्य को नैतिक कल्याण का साधन माना जाता था। रामायण काल में तो रामराज्य की अवधारणा इसी लोककल्याणकारी राज्य के सिद्धान्त पर आधारित थी। लोक कल्याणकारी राज्य से तात्पर्य किसी विशेष वर्ग का कल्याण न होकर सम्पूर्ण जनता का कल्याण होता है। इस तरह सम्पूर्ण जनता को केन्द्र मानकर जो राज्य कार्य करता है, वह लोक कल्याणकारी राज्य कहलाता है और इसी सिद्धांत पर छत्तीसगढ़ ‘जनकल्याणकारी सरकार’ की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# शिव सेना को सताने लगी मनसे की चिंता

कोई डेढ़ दशक तक राजनीतिक बियाबान में भटकने के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे फिर से चर्चा में हैं। भाजपा और शिव सेना का तालमेल टूटने के बाद से ही भाजपा के नेता उनको अपने साथ मिलाने की कोशिश में लगे थे। अब जाकर उनको कामयाबी मिली है। भाजपा और मनसे के बीच राजनीतिक साझीदारी बन रही है और इससे शिव सेना की चिंता बढ़ी है। अगर ऐसा नहीं होता तो पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से लेकर सांसद संजय राउत तक को राज ठाकरे पर बयान देने की जरूरत नहीं होती। उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई राज ठाकरे पर बहुत तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा है कि बाला साहेब ठाकरे जैसे कपडे पहन कर कोई बाला साहेब नहीं बन जाता है। उद्धव ने कहा है कि राज ठाकरे भाजपा की डी टीम हैं। उनकी हनुमान चालीसा की राजनीति पर हमला करते हुए संजय राउत ने कहा है कि शिव सेना के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार इस मामले को जिस तरह से संभाल रही है, अगर बाला साहेब होते तो इसकी तारीफ करते। राज ठाकरे की सक्रियता से एक तरह से फिर से बाला साहेब की विरासत पर दावेदारी की जंग छिड़ गई है। राज ठाकरे पांच मई को अयोध्या जा रहे हैं, जहां वे रामलला के दर्शन करेंगे और लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। उनके अयोध्या जाने के फैसले से शिव सेना में चिंता बढ़ी है। अब तक उद्धव ठाकरे अयोध्या जाते थे और 30 साल पहले हुए बाबरी विध्वंस में शिव सैनिकों की भूमिका का श्रेय लेते थे। लेकिन राज ठाकरे भी अब यह श्रेय लेंगे क्योंकि तब वे भी शिव सेना में ही थे और उस समय उनको ही बाल ठाकरे का उत्तराधिकारी माना जाता था। वहां से लौटने के बाद वे भाजपा के साथ तालमेल पर फैसला करेंगे। अगर दोनों पार्टियों में आधिकारिक रूप से तालमेल होता है तो कट्टर हिंदू वोटर शिव सेना से दूर जा सकता है। वैसे भी वह कांग्रेस और एनसीपी से तालमेल की वजह से नाराज है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA Chartered Accountant
CMA Cost & Management Accountant
B.Com Bachelor of Commerce
11th/12th Commerce Class
BBA Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कलेक्टर डॉ. सिंह ने ली राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक

**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और जिले के पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें और यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के कार्यों में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासन देना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों का दायित्व है। इस हेतु राजस्व और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति सभी क्षेत्रों में दिखनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आम जनता को न्याय देने के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करना होगा ताकि आम जनता की नजर में उनका सकारात्मक छवि बने और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की और राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्रत्येक दिन करने के निर्देश दिए।

### राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर मे प्रवेष हेतु 6 एवं 7 मई को होगा ट्रायल

**नारायणपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई, बिलासपुर में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) एवं कबड्डी बालिका खिलाड़ियों के लिए खेल अकादमी (आवासीय) आरंभ की जानी है, जिसमें एथलेटिक्स में 25 बालक एवं 25 बालिका तथा कबड्डी में 30 बालिका खिलाड़ियों का चयन अंतिम रूप से किया जाना है। जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल अकादमी संचालन नियम के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना विमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होने यह भी बताया कि खेल अकादमी में प्रवेश खिलाड़ियों की आयु 01 अप्रैल, 2022 की स्थिति में 13-17 वर्ष होना अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आहवान पर सात समुंदर पार पहुंचा बोरे-बासी का स्वाद

### नाचा के सदस्यों ने मजदूर दिवस पर खाया बोरे-बासी

### एनआरआई परिवार के बच्चों ने भी बोरे-बासी खाकर अपनी संस्कृति को जाना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अपनी संस्कृति और श्रमिकों के सम्मान में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक भोजन बोरे-बासी खाने का आहवान सात समुंदर जा पहुंचा है। मुख्यमंत्री की छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ाने की पहल को बड़ी संख्या में लोगों ने समर्थन दिया। विदेशों में बसे छत्तीसगढ़िया भाई-बहनों के संघ नाचा (नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन) के सदस्यों ने मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे-बासी खाया। उन्होंने श्रमिकों के सम्मान में बोरे-बासी खाकर छत्तीसगढ़ का गौरव विदेशों तक पहुंचाया।

उल्लेखनीय है कि नाचा का छत्तीसगढ़ एनआरआई एसोसिएशन कई देशों यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, सिंगापुर और यूके में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ विरासत और संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। मुख्यमंत्री बघेल के आहवान पर एसोसिएशन की टीम की शशि साहू, दीपाली सरावगी, मीनल मिश्रा, मोनिका तिवारी, गणेश कर, शत्रुघ्न बरेठ, तिजेंद्र साहू, दिलीप तिवारी, वंदना दडसेना, निर्मल साहू, कृष्णा मिश्रा ने अमेरिका और अन्य देशों में बोराबासी दिवस मनाया और बोरे-बासी खाया। डेनबर्ग में रहने वाली मीनल मिश्रा ने बताया कि उन्होंने लाइबरी, दही मिर्ची, गोंदली, आम के अथान, हरी मिर्ची, अमारी भाजी चटनी और मूली भाजी का आनंद लिया और बोरे-बासी दिवस मनाया। संघ के सदस्यों के साथ उनके एनआरआई बच्चों ने भी बोरे-बासी का आनंद लिया और अपने पारम्परिक आहार और संस्कृति का हिस्सा बने।

# राज्यपाल सुश्री उइके को 'आइना ए छत्तीसगढ़' पुस्तक भेंट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को राजभवन में वरिष्ठ पत्रकार तथा लेखक शंकर पांडेय ने अपनी पुस्तक 'आइना ए छत्तीसगढ़' की प्रति भेंट की।

राज्यपाल सुश्री उइके से पांडेय ने अपनी 42 साल की पत्रकारिता के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 'आईना-ए-छत्तीसगढ़' नाम से उनका कॉलम नियमित रूप से लगभग 15 सालों से प्रकाशित होता रहा है, जिनमें से चुनिंदा कॉलमों को अब पुस्तक के रूप में संकलित किया गया है। इन कॉलमों में छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति, पुरातत्त्व, सामाजिक घटनाक्रमों सहित छत्तीसगढ़ के समसामयिक मुद्दों का समावेश किया गया है। इसके पहले उनकी 'इतिहास के आइने में छत्तीसगढ़', छत्तीसगढ़ के राजवंश, छत्तीसगढ़ के पुरातन पुरोधा, छत्तीसगढ की राजनीति पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। राज्यपाल ने पाण्डेय का शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर स्वप्निल तिवारी एवं स्नेहा पांडे भी उपस्थित थीं।

# शहीद वीर नारायण सिंह स्वालंबन योजना से विनोद का बेरोजगारी हुआ दूर

### जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बीजापुर द्वारा स्वरोजगार के अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर (ए)।** जिला अंत्यावसीय सहकारी समिति बीजापुर द्वारा स्वरोजगार के ईच्छुक युवाओं को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे है। शासन की विभिन्न योजनांतर्गत ऋण एवं अनुदान से बेरोजगार विनोद कुमार ग्राम रालापल्ली तह. भोपालपटनम का निवासी है। विनोद बताते है कि वह एक शिक्षित बेरोजगार था। बेरोजगारी के वजह से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था। तभी बस्तर विकास प्राधिकरण की शहीद वीर नारायण सिंह स्वालंबन योजना के तहत् व्यवसाय स्थापित करने ऋण दिए जाये की जानकारी मिली, फिर विनोद ने जिला समिति बीजापुर में उपस्थित होकर किराना दुकान व्यवसाय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस योजना के तहत् पक्की दुकान बनाने हेतु एक लाख चालीस हजार एवं सामग्री क्रय कर व्यवसाय शुरु करने हेतु 60 हजार कुल 2 लाख रुपये ऋण स्वीकृत हुआ। जिससे विनोद ने किराना दुकान संचालित किया। विनोद बताते है कि दुकान अच्छी चल रही है। जिससे आर्थिक रुप से अब सक्षम हो रहा हूॅ। प्रतिमाह दुकान एवं लोन की किस्त पटाने सहित खर्च करकर 5 हजार रुपये आमदनी हो जाती है। में नियमित किस्त अदा कर रहा हूॅ, क्योंकि 36 माह तक नियमित किस्त अदा करने पर 1 लाख 50 हजार रुपये अनुदान का लाभ प्राप्त होगा। दुकान की आमदनी से अपने परिवार को आर्थिक मदद कर पा रहा हूॅ। इस योजना से लाभान्वित करने एवं मेरी बेरोजगारी की समस्या से निजात दिलाने शासन-प्रशासन का में सदैव आभारी रहूॅगा।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने मानदेय बढ़ाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

### पंडरिया विधायक चंद्राकर के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के पंचायत प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शेषनारायण सिंह बैस ने अवगत कराया कि पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण कराने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बड़ी विनम्रता से मुख्यमंत्री को पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के लिए निमंत्रण भी दिया।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्षों का मानदेय 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार, जिला पंचायत उपाध्यक्षों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार एवं जिला पंचायत सदस्यों का मानदेय 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार प्रतिमाह किया गया है। जनपद पंचायत अध्यक्षों का मानदेय 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार, जनपद पंचायत उपाध्यक्षों का मानदेय 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार एवं जनपद पंचायत सदस्यों का मानदेय 1 हजार 500 से बढ़ाकर 5 हजार प्रतिमाह किया गया है। सरपंचों का भत्ता 2 हजार से बढ़ाकर 4 हजार एवं पंचों का भत्ता 200 से बढ़ाकर 500 रुपए प्रतिमाह किया गया है।

# 74 हाट-बाजारों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक का किया जा रहा है संचालन

### स्वास्थ्य केन्द्रों से दूर ग्रामीण अंचलों के ग्रामीणों को हाट-बाजारों में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं



**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत् बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों से अधिक दूरी, पहुंचविहीन, कठिनतम अथवा महामारी संभावित क्षेत्रों के आधार पर जिले के 74 हाट-बाजारों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। चिन्हांकित हाट-बाजारों में प्रत्येक सप्ताह मेडिकल टीम के द्वारा हाट-बाजार क्लीनिक का संचालन कर जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है।

जिले के चिन्हांकित 74 हाट-बाजार अंतर्गत विकासखण्ड बलरामपुर के अतौरी, डौरा, रनहत, बादा, संतोषीनगर, पस्ता, राधाकृष्णनगर, केरता, लिलौटी, महाराजगंज व सुर्रा हाट-बाजारों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार विकासखण्ड राजपुर के गोपालपुर, रेवतपुर, बरियों, आरा, राजपुर, विकासखण्ड शंकरगढ़ के शंकरगढ़, डीपाडीहकला, मनोहरपुर, भरतपुर, रेहड़ा, विकासखण्ड कुसमी के चान्दो, धनेशपुर, सबाग, कोरंधा, जमीरापाट, बसकेपी एवं सामरी, विकासखण्ड वाड्रफनगर के गुडरू, भरूहीबॉस, जनकपुर, बलंगी, आसनडीह, रघुनाथनगर, जौराही, केनवारी, पशुपतिपुर, महेवा, गिरवानी, मुरकौल, फुलीडुमर, मेढ़ारी, महुली, विरेन्द्रनगर, पेण्डारी, ओदारी, बरतीकला, इंजानी, चलगली में मेडिकल टीम के द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत् स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। विकासखण्ड रामानुजगंज अंतर्गत त्रिशुली, तालकेश्वरपुर, सलवाही, देवीगंज, कालिकापुर, डुमरपान, मरमा, त्रिकुण्डा, बगरा, चुमरा, महावीरगंज, चिनियां, पिपरौल दोलंगी, धनपुरी (नागरा) महादेवपुर, ताम्बेश्वरनगर, मितगई, लोधा, पुरूषोत्तमपुर, देवीगंज, कालिकापुर, लावा एवं रामचन्द्रपुर हाट-बाजार में मेडिकल टीम के द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।

जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जिले के सभी जनमानस से अपील की है कि छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# मुख्यमंत्री के प्रदेश व्यापी भ्रमण को लेकर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रदेश व्यापी भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों का निर्देश दिए है कि भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं घोषणाओं पर सजगता से त्वरित कार्यवाही करें। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों को भी तत्काल अवगत कराएं। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम, जन चौपाल एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, डीजीपी अशोक जुनेजा एवं आईजी आनंद छाबडा ने भी अधिकारियों से मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने भी अधिकारियों को सम्बोधित किया।

RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians
समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।
- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।
We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.
Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

FANCY MATTRESS
30% से 50% लेस
किस्तों में ले जायें ।
तैयार मिलते है।
SOFA CUM BED बीन बैग
रुई गद्दा 200 से 2000/- तक
पुराना गद्दा लायें नया ले जाये।
हर साईज में, हर क्वालिटी में, हर बजट में उपलब्ध
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### मुख्यमंत्री मितान योजना के मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के नागरिकों को शासन के विभिन्न विभागों की एक सौ से अधिक सेवाओं का लाभ नागरिकों को उनके घर पर मितान के माध्यम से निर्धारित समय सीमा उपलब्ध कराएं जाने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की है। योजना के प्रथम चरण में राज्य के 14 नगर निगमों में शुरू की गई है। इसके बाद अन्य निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी योजना क्रियान्वित की जाएगी। योजना की मानिटरिंग के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति कार्य करेगी। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री मितान योजना की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। समिति के सदस्य सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव होंगे। इसी तरह से समिति के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, श्रम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं परिवहन विभाग के भारसाधक सचिव सदस्य होंगे। इसी तरह से समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी एवं राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र छत्तीसगढ़ सदस्य होंगे। नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा राज्य सरकार के अन्य विभागों के नवीन नागरिक सेवाओं को मुख्यमंत्री मितान योजना में जोड़े जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप् में राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में आमंत्रित किया जाएगा।

राज्य स्तर पर योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) नोडल एजेंसी होगा तथा नोडल एजेंसी द्वारा सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन किया जाएगा। राज्य स्तर पर योजना की मॉनीटरिंग राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा की जाएगी। सूडा द्वारा योजना हेतु निगमवार नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाएगा। सूडा द्वारा मुख्यमंत्री मितान योजना के पीएमयू का गठन किया जाएगा। तथा योजना के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग की जाएगी। राज्य स्तर पर प्रचार-प्रसार का कार्य नोडल एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

### सिंगिंग आइडल ग्रैंड फिनाले देखने संगीत प्रेमियों की भीड़ उमड़ी, प्रतिभागियों ने बांधा समां

**रायपुर( ए )।** भारत रत्न स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने आयोजित सिंगिंग आइडल ग्रैंड फ्निाले देखने रविवार रात को बूढ़ा तालाब परिसर में संगीत प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से न केवल समां बांधा बल्कि सुमधुर गीत से उपस्थित लोगों की वाहवाही बटोरी। दरअसल गायन में रुचि रखने वालों को प्रदेश स्तर में प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर नगर निगम की संस्कृति विभाग ने सिंगिंग आइडल का ग्रैंड फिनाले का रंगारंग कार्यक्रम पिछले दिनों आयोजित किया था। प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले को बेहतर प्रतिसाद मिलने पर आयोजक उत्साहित थे।

ग्रैंड फिनाले प्रतियोगिता के फाइनल में एक के बाद एक प्रतिभागियों ने सुमधुर गीतों समां बांध दिया। छत्तीसगढ़ी फोक सिंगर आरू साहू, गूगल बॉय विराट एयेर, छत्तीसगढ़ फूफू के नाम से लगातार यूट्यूब में प्रसिद्ध अनिल सिन्हा समेत सभी फाइनलिस्ट प्रतिभागियों अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों के मन में उमंग भर दिया।

कार्यक्रम में मौजूद वाइस आफ इंडिया फेम निमिषा देब ने बताया कि उन्हें इंडियन आइडल के नए सीजन के लिए प्रतिभागियों के नाम मांगे गए है।रायपुर का टेलेंट देखकर वह काफी प्रसन्ना और उत्साहित है।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रतिभागियों के जजमेंट के लिए उपस्थित डा.भारती बंधु,पद्मश्री मदन चौहान ने सभी प्रतिभागियों को ध्यानमग्न होकर सुना और सभी का विश्लेषण कर अपनी टिप्पणी की।अन्य जज मनोज शर्मा, राहुल झाबक,अपेक्षा डोनगांवकर,मीरा त्रिपाठी भी सभी प्रतिभागियों को बारिकी से जज कर रहे थे।

# समाज को और अधिक संगठित कर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों की : भूपेश बघेल



### मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

### स्वर्गीय अर्जुन हिरवानी के नाम से बनने वाले 35 लाख रूपए की लागत के सामाजिक भवन का किया शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि समाज को और अधिक संगठित कर उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी समाज के पदाधिकारियों की होनी चाहिए। समाज के पदाधिकारी आपसी मतभेदों को भूलकर एकजुट हों और समाज के लिए काम करें। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम के दौरान रायपुर के टिकरापारा स्थित भामाशाह भवन में 35 लाख रूपये की लागत से प्रदेश साहू संध के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अर्जुन हिरवानी के नाम से बनने वाले नए भवन का भूमिपूजन किया और साहू सृजन शीर्षक से प्रकाशित पत्रिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राम लाल प्रसाद गुप्ता ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय भुवनेश्वर साहू और मोहन कुमारी साहू को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री बघेल ने साहू समाज द्वारा स्वर्गीय ताराचंद साहू के नाम से प्रदेश की किसी संस्था का नामकरण करने की मांग पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ताराचंद साहू चार बार सांसद रहे, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष रहे। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की एक संस्था का नामकरण उनके नाम पर अवश्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें छत्तीसगढ़िया होने पर गर्व है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा, यहां के तीज-त्यौहार, व्यंजन के प्रति यहां के लोगों को गर्व की अनुभूति हो, इसके लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। हमें अपनी संस्कृति, अपने रहन-सहन, खान-पान, तीज-त्यौहार पर गर्व है। हमें अपने तीज त्यौहार मनाने चाहिए और अपनी संस्कृति पर गर्व की अनुभूति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूर दिवस पर एक मई को छत्तीसगढ़ सहित देश-विदेश में रहने वाले छत्तीसगढ़ वासियों ने एक आव्हान पर अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति करते हुए बोरे-बासी खाया और सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर शेयर की।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार भी अपनी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। हरेली, तीजा-पोरा, विश्व आदिवासी दिवस, कर्मा जयंती, छेर-छेरा पुन्नी पर अवकाश घोषित किया। आज छत्तीसगढ़ के ठेठरी, खुरमी, फरा, चीला जैसे व्यंजन समारोहों के मंच पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मा जयंती पर अवकाश देने की बात उनके मन में काफी समय से थी, जब मौका मिला तो इसकी घोषणा की गई। राजिम में माघी पुन्नी मेला में हर वर्ष मेला स्थल को विकसित किया जाता था। इसलिए वहां स्थायी अधोसंरचना, लोगों के ठहरने, स्थायी पंडाल बनाने के लिए 55 एकड़ जमीन पर मेला विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम को सांसद चुन्नी लाल साहू, डॉ. सियाराम साहू, दीपक ताराचंद साहू ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष हलधर साहू ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर विधायक सुश्री शकुंतला साहू, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सम्मान के लिए सभी मिलजुल कर कार्य करें: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बलौदाबाजार के ग्राम सुहेला में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76 वें महाअधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले समाज के पुरोधा विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की उसके बाद ग्राम इकाई की महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल को छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से तौलकर उनका सम्मान किया। समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा व अर्जुनी राज प्रधान ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमिक दिवस पर बोरे बासी दिवस के रूप में सभी ने बासी खाकर बता दिया कि हमने अपनी परंपराओं, रीति रिवाजों और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा है। छत्तीसगढ़ के किसान, गरीब और अन्य तबकों को ऊपर उठाने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। 03 मई को अक्ति दिवस पर माटी की पूजा कर नयी फसल की तैयारी करना है। वर्तमान में जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए जैविक खाद को बढ़ावा देना है। जैविक खाद के उपयोग से धरती माता की सेवा के साथ-साथ खुद के स्वास्थ्य की भी रक्षा करें। समाज में शिक्षा के साथ संस्कार, परंपरा और संस्कृति को बनाये रखने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सम्मान के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने समाज को ग्राम अर्जुनी में सामाजिक भवन के लिए चिन्हित भूमि के गाईडलाईन दर की 10 प्रतिशत राशि पर जमीन उपलब्ध कराने, सुहेला में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, भाटापारा में मंगल भवन के लिए 20 लाख रुपए और सुहेला में मंगल भवन के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति, नहर का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराने और प्रत्येक मंगलवार को सुहेला में जमीन पंजीयन का कार्य प्रारंभ कराने की घोषणा की।

इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रतिभाशाली और सहयोग करने वाले सामाजिक बंधुओ और बहनों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने इस महाअधिवेशन में नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 14 जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल और जनक राम वर्मा, जिला पंचायत बलौदाबाजार अध्यक्ष राकेश वर्मा सहित समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

# अनियमित दिनचर्या और खान-पान की आदतों से मधुमेह का खतरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में खुद की सेहत का ख्याल रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। आधुनिक जीवन-शैली, अनियमित दिनचर्या और खान-पान की खराब आदतों के कारण कम उम्र में ही कई तरह की बीमारियां घेर रही हैं। डायबिटीज यानि मधुमेह भी तेजी से बढ़ रही इसी तरह की बीमारी है। यह न केवल उम्रदराजों को, बल्कि युवाओं को भी अपनी गिरफ्त में ले रही है। संयमित खान-पान और स्वस्थ जीवन-शैली अपनाकर इससे बचा जा सकता है।

राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में गैर-संचारी रोग के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि मधुमेह या डायबिटीज हमें तब होता है जब हमारे शरीर के हार्मोन इंसुलिन या कहें तो रक्त शर्करा या ग्लूकोज की मात्रा हमारे शरीर के साथ सही तालमेल नहीं बिठा पाती है। ज्यादातर खराब जीवन-शैली के कारण यह होता है। मधुमेह दो प्रकार का होता है। टाइप-1 डायबिटीज बच्चों में पाया जाता है। इसमें शरीर में इंसुलिन की सेंसिटिविटी खत्म हो जाती है





जिससे शरीर का मेटाबॉलिक सिस्टम खराब हो जाता है और शुगर का लेवल बढ़ने लगता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि टाइप-2 डायबिटीज अधिकांशत: 40 वर्ष या इससे अधिक आयु के लोगों में होता है। इसमें शरीर को जितनी इंसुलिन की आवश्यकता होती है, इंसुलिन की उतनी मात्रा शरीर को नहीं मिल पाती है। गर्भावस्था के दौरान भी मधुमेह हो जाता है जो कि एक सीमित समय के लिए होता है और समय के साथ वह ठीक भी हो जाता है। परिवार में माता-पिता या भाई-बहन में किसी को मधुमेह है तो अन्य रक्त संबंधियों के भी इससे पीड़ित होने की आशंका होती है।

### मधुमेह के लक्षण

ज्यादा प्यास लगना, ज्यादा भूख लगना, वजन का असामान्य रूप से ज्यादा या कम होना, थकान या कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, आंखों की रोशनी का कमजोर होना या धुंधला दिखना, हाथ-पैरों में झनझनाहट या सुन्नपन, बार-बार पेशाब होना या पेशाब का संक्रमण होना, चोट या घाव का देर से भरना या ठीक न होना मधुमेह के सामान्य लक्षण हैं। इस तरह के लक्षण दिखाई देने या महसूस होने पर अपने निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाकर मधुमेह की नि:शुल्क जांच अवश्य कराएं।

### मधुमेह से बचाव

मधुमेह से बचाव के लिए नियमित व्यायाम या योग जरुर करना चाहिए। समय पर संतुलित भोजन मधुमेह से बचाव के लिए बहुत आवश्यक है। अधिक घी-तेल वाले भोजन का सेवन करने से भी मधुमेह का खतरा बढ़ता है। भोजन में अनाज, दालें, हरी-पत्तेदार सब्जियां, मौसमी सब्जी, ताज़े मौसमी फल, दूध व दही से बनी चीजों का सही मात्रा में सेवन करना चाहिए। रेशेदार भोजन भी पर्याप्त मात्रा में लेना चाहिए। रोजाना 10-12 गिलास पानी जरुर पिएं। अपने भोजन में अंकुरित अनाज को शामिल करें। शराब से परहेज करें।

# माउंट एवरेस्ट के गोरखशेप में खाया गया बोरे-बासी

### अक्ती तिहार और ईद के मौके पर माउंट एवरेस्ट के बेसकैम्प में लहराएंगे तिरंगा और गाएंगे छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आव्हान पर 01 मई को श्रम दिवस के मौके पर श्रमिकों के सम्मान में छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश-दुनिया के कोने-कोने में रहने, बसने वाले छत्तीसगढ़ियों ने राज्य के खान-पान और संस्कृति के सम्मान में बोरे-बासी खाकर छत्तीसगढ़ के लिए अपने प्रेम को दर्शाया है। बोरे-बासी खाने का नजारा माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प के समीप गोरखशेप में भी देखने को मिला। मिशन इनक्लूशन की टीम ने माउंट एवरेस्ट की 5200 मीटर ऊंची चोटी के पास गोरखशेप में बोरे-बासी का लुत्फ उठाया। इनक्लूशन टीम को बोरे-बासी खाता देख विदेशी पर्यटकों ने भी उत्सुकता दिखाई तो उन्हें भी छत्तीसगढ़ के इनक्लूशन टीम के युवाओं ने उन्हें भी बोरे-बासी का स्वाद चखाया और मौजूद पोषण के बारे में भी जानकारी दी।

पर्वतारोहण के लिए गए ट्रेकर व शासकीय सेवक आशुतोष पांडेय, पैरा एथलिट व पर्वतारोही चित्रसेन साहू, राष्ट्रीय व्हील चेयर बास्केटबॉल खिलाड़ी सुश्री चंचल सोनी, ब्लाइंड पैरा जूडो खिलाड़ी सुश्री रजनी जोशी, ब्लेड रनर अनवर अली, पर्वतारोही सुश्री निक्की बजाज, फिल्म मेकर गुंजन सिन्हा, ट्रैकर पेमेन्द्र चन्द्राकर और व्यवसायी राघवेन्द्र चंद्राकर ने माउंट एवरेस्ट के बेसकैम्प के निकट गोरखशेप पर बोरे-बासी का लुफ्त उठाया। गौरतलब है कि पहली बार माउंट एवरेस्ट के बेसकैम्प के पर्वतारोहण के लिए दिव्यांगों की टीम निकली है। यह टीम 3 मई को अक्ती तिहार और ईद के मौके पर माउंट एवरेस्ट के बेसकैम्प पहुंचेगी। वहां तिरंगा लहराकर छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत गाया जाएगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# फिनाले वीक में पहुंचा कंगना का रियलिटी शो, इस दिन चुना जाएगा लॉक अप का कैदी नंबर वन



कंगना का शो लॉक अप पहले दिन से ही लोगों को खूब एंटरटेन कर रहा है। यही वजह है कि ये शो लगातार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बना हुआ है। लॉक अप को स्ट्रीम होते हुए तकरीबन दस हफ्ते हो चुके हैं और अब कंगना ने फिनाले की तारीख का ऐलान भी कर दिया है। सभी प्रतिभागी लॉक अप के फाइनल में जगह बनाने और शो की जीतने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। फिलहाल फाइनल में अब कुछ ही समय ही बाकी है और शो भी रोमांचक होता जा रहा है। देखना दिलचस्प होगा कि आखिर लॉक अप के कैदी नंबर वन ताज किसके सिर सजेगा।

### ये हैं लॉक अप के फाइनलिस्ट

टास्क जीतने के बाद शिवम शर्मा पहले ही फिनाले में पहुंच चुके हैं, वहीं उनके अलावा बाकी कैदियों के फैसले से आजमा फल्लाह भी फाइनल में पहुंच गई हैं और इसके बाद उनके कहने पर एक और कैदी को सीधे फिनाले के लिए चुना जाएगा। कथित तौर पर आजमा प्रिंस का नाम चुन सकती हैं, क्योंकि वह अपने साथ एक मजबूत कंटेस्टेंट को चाहती हैं। फिलहाल आने वाले कुछ दिनों में ये साफ हो जाएगा कि कौन से कंटेस्टेंट लॉक अप के फाइनल में पहुंचते हैं और किसको देखना पड़ेगा बाहर का रास्ता।

### इस दिन होगा लॉकअप का फाइनल

ऑल्ट बाला जी की तरफ से शो का प्रोमो शेयर किया गया है, जिसमें कंगना लॉक अप के फिनाले की घोषणा करती नजर आ रही हैं। शो के फिनाले में सिर्फ पांच दिन ही बाकी हैं, यानी लॉक अप का विनर 7 मई 2022 को चुना जाएगा। बता दें कि लॉक अप 27 फरवरी से शुरु हुआ था। इस शो में बतौर कैदी 20 प्रतिभागी चुने गए थे, जिनमें से इस समय शो में शिवम शर्मा, आजमा फल्लाह, पूनम पांडे, पायल रोहतगी, सायशा शिंदे, मुनव्वर फारुकी, अंजलि अरोड़ा और प्रिंस नरूला विनर बनने की दौड़ में हैं। शुरुआत से ही शो लॉक अप ने व्यूज के मामले में कई रिकॉर्ड बनाए और अब यह अपने फाइनल के दौर में आ चुका है।

गुल्लक फेम वैभव राज गुप्ता कभी रेलवे स्टेशन पर काम करते थे, बोले-

# वो मेरा सबसे कठिन जॉब था



सीरीज 'गुल्लक 3' की सफलता के बाद, 'अन्नू' उर्फ एक्टर वैभव राज गुप्ता कुछ दिनों के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेना चाहते है। दरअसल, इस सीरीज की तारीफ सोशल मीडिया पर जमकर हो रही हैं, कई मीम्स भी बने हैं जिसे बार-बार अपने स्क्रीन पर देखकर वह थक चुके हैं। बस फिर क्या, उन्होंने अब सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का मन बना लिया हैं।

वैभव राज गुप्ता ने 'गुल्लक' की सक्सेस, अपने स्ट्रगल की कहानी और आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में खुलकर बातचीत की।

### ऑडियंस के प्यार के लिए शुक्रगुजार हूं

जिस तरह का रिस्पांस 'गुल्लक' को मिल रहा हैं वो काफी शानदार है। अच्छा लग रहा हैं हालांकि सच कहूं तो मैं इस तारीफ से अब थक गया हूं। सोशल मीडिया पर इसके मीम्स बन रहे हैं, काफी तारीफें मिल रही हैं। जिसे बार-बार स्क्रीन पर देखकर थक गया हूं। कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लूंगा। ऐसा बिलकुल नहीं की ये तारीफें अच्छी नहीं लगती, बस अब थोड़ी थकान महसूस हो रही है। बतौर एक्टर अब मैं इससे आगे बढ़ना चाहता हूं। कुछ नया पढ़ना, सुनना चाहता हूं, कोशिश जारी है। हां, ऑडियंस के प्यार के लिए मैं हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा।

### पापा चाहते थे की मैं लखनऊ से सीए की पढ़ाई करूं

मेरा परिवार आर्ट और कल्चर से जुड़े हुए हैं, मेरे दादा सीतापुर, उत्तर प्रदेश में एक नामचीन पेंटर थे। मुझमे भी पढ़ाई से ज्यादा आर्ट का कीड़ा ज्यादा था हालांकि अपने करियर के लिए नि:संदेह था। 2007 में हमारे शहर में मिस्टर सीतापुर प्रतियोगिता हुआ था। उस दौरान, उस प्रतियोगिता का स्टेज देखकर मेरे इमोशंस काफी बदल गए। वहीं से मेरा मॉडलिंग का सफर शुरू हुआ। वहीं दूसरी तरह, मेरे पिता चाहते थे की मैं लखनऊ से सीए की पढ़ाई करूं।

मैं वो बिलकुल नहीं करना चाहता था। काफी जांच-पड़ताल करने के बाद, मैं मुंबई मास कम्युनिकेशन करने आया। मेरे एक फ्रेंड के कहने पर थिएटर ज्वाइन किया। मेरा पहला प्ले था अग्नि और बरखा जोकि काफी हिट था। यहीं से मेरी एक्टिंग का सफर शुरू हुआ।

### मुंबई के लोकल रेलवे स्टेशन पर 6 महीने तक काम किया

जब मुंबई आया तब मैं कॉल सेंटर ज्वाइन करना चाहता था। उस वक्त ये सोचकर ही खुश हो जाता था की एसी में बैठूंगा, इंग्लिश बोलूंगा और सैलरी भी अच्छी मिलेंगी। हालांकि जब भी इंटरव्यू देने जाता, मेरा सिलेक्शन होता ही नहीं। दूसरी तरफ थिएटर में पैसे नहीं थे और जाहिर है पैसे की जरूरत भी थी। दरअसल, मैं मुंबई के लोकल ट्रेन में सफर किया करता था और उस वक्त मैंने कुछ लड़कों को स्टेशन पर 'ग्रीनपीस' नाम का एक एनजीओ का पैम्पलेट बांटते देखता था। उस वक्त मैंने इस एनजीओ के लड़कों से कंपनी की जानकारी ली और इंटरव्यू दिया। दूसरे दिन से ही मैं रेलवे स्टेशन पर काम करना शुरू कर दिया। वो मेरा सबसे कठिन जॉब था क्योंकि प्लेटफॉर्म पर लोगों को रोक-रोककर इस एनजीओ के बारे में बताना था। मैंने तकरीबन 6 महीने तक काम किया था जिसके लिए मुझे 8000 रूपए प्रति महीने मिलते थे। हालांकि मैंने थिएटर कभी नहीं छोड़ा। सुबह रेलवे स्टेशन पर काम करता और शाम को रिहर्सल अटेंड करता था।

### 'गुल्लक 4' आ सकती है

'गुल्लक 4' पर बातें चल रही हैं हालांकि अब तक हमने कुछ फाइनल नहीं किया हैं। ऑडियंस के लिए हम इसे फिर से जरूर लाना चाहते हैं। उम्मीद करता हूं कि ऐसा कुछ हो और हम जल्द ही इसकी अनाउंसमेंट करें।

# एक बार फिर हंसाने आ रहा है 'पंचायत' का नया सीजन



इस समय ओटीटी पर फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज का खुमार भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बीते दिनों हुए अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने एक कार्यक्रम में कई नई वेब सीरीज की घोषणा की थी। लेकिन लगता है अमेजन का कोटा अभी पूरा नहीं हुआ है। अब इसने अपनी पॉपुलर वेब सीरीज 'पंचायत' के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। इस खबर को सुन फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा है।

### इस दिन से होगी स्ट्रीम

अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरीज का एक पोस्टर साझा कर इसकी रिलीज डेट की जानकारी दी है। 'पंचायत' का दूसरा सीजन 20 मई को रिलीज किया जाएगा। बता दें कि सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में रिलीज किया गया था और तभी से दर्शक इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पोस्टर साझा करते हुए अमेजन प्राइम वीडियो ने लिखा, जनहित में जारी, अब आ रही है फिर से पंचायत देखने की बारी। साझा किए गए पोस्टर में अभिनेता जितेंद्र कुमार यानी फुलेरा पंचायत के मुख्य सचिव बेठे नजर आ रहे हैं। वह काफी परेशान दिख रहे हैं और उनके आस-पास कागजों का ढेर लगा हुआ है, जिसके ऊपर एक जलता हुआ लैंप रखा हुआ है।

### फुलेरा गांव को फिर संभालते दिखेंगे अभिषेक

सीरीज के दूसरे सीजन की कहानी भी पहले सीजन की तरह ही पंचायत सचिव अभिषेक त्रिपाठी और फुलेरा गांव के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। पहले सीजन में हमने देखा था कि कैसे इंजीनियरिंग कर चुके अभिषेक त्रिपाठी पंचायत सचिव बनकर फुलेरा गांव में आते हैं। उन्हें यह नौकरी बिल्कुल पसंद नहीं आती और वह इसे छोड़ना चाहते हैं लेकिन उनका भाग्य उन्हें ऐसा करने नहीं देता।

### यह होगी स्टार कास्ट

इस कॉमेडी सीरीज में जितेंद्र कुमार, रघुवीर यादव, चंदन रॉय और नीना गुप्ता मुख्य किरदारों में हैं। इसका निर्देशन दीपक कुमार ने किया है। अब देखना यह होगा कि क्या 'पंचायत' का यह दूसरा सीजन दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा या नहीं।

## 'केजीएफ2' की रफ्तार हुई धीमी, तीसरे सोमवार को हुई सिर्फइतनी कमाई

हिंदी सिनेमा में इस समय साउथ फिल्मों का दौर चल रहा है। कन्नड़ अभिनेता यश गौड़ा की फिल्म 'केजीएफ 2' सिनेमाघरों में 14 अप्रैल को रिलीज हुई थी। पहले दिन से ही फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिलता दिखा। फिल्म को रिलीज हुए तीन सप्ताह से ऊपर का समय हो चुका है, जबकि हाल ही में रिलीज हुई फिल्में टाइगर श्रॉफ की हीरोपंती 2 और अजय देवगन की रनवे 34 कोई खास कमाल नहीं दिखा पा रही हैं। हिंदी पट्टी में भी फिल्म ने जबरदस्त कारोबार किया है। अब 19 वें दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है, फिलहाल जो पिछले दिनों के मुकाबले में काफी कम है।

'केजीएफ चैप्टर 2' ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे रविवार को एक बार फिर से वीकेंड का फायदा मिला था और फिल्म ने शानदार कारोबार किया था। इतवार को पूरे देश में शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से करीब 21.50 करोड़ रुपये का नेट कारोबार किया था। इसमें से अकेले हिंदी संस्करण ने 10 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन अब एक बार फिर से सप्ताह बदलते ही केजीएफ 2 की रफ्तार धीमी पड़ती दिखाई दे रही है। फिल्म ने तीसरे सोमवार को हिंदी पट्टी में 4.00 करोड़ का कारोबार किया है, जबकि देश भर में भी फिल्म पूरे 10 करोड़ का कोरबार नहीं कर पाई।

# प्राइम वीडियो का विजय सेतुपति पर 60 करोड़ का दांव, 'फर्जी' के बाद 'फैमिली मैन 3' पर टिकी नजर

**अब ये साफहो चला है कि साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति की पहली हिंदी फिल्म रिलीज होने से पहले ही उनकी बोहनी हिंदी ओटीटी पर हो जाएगी। शाहिद कपूर की पहली वेब सीरीज 'फर्जी' के साथ विजय सेतुपति के ओटीटी डेब्यू का एलान हो ही चुका है। अब मनोरंजन जगत में चर्चा ये भी है कि राज और डीके के निर्देशन में बन रही वेब सीरीज 'फर्जी' के बाद विजय सेतुपति इन दोनों की हिट सीरीज 'फैमिली मैन' के तीसरे सीजन में भी नजर आ सकते हैं।**



सूत्र बताते हैं कि विजय सेतुपति की प्राइम वीडियो के साथ तीन प्रोजेक्ट्स की डील हुई है और इसके लिए उन्हें 60 करोड़ रुपये मिलने वाले है हालांकि न तो विजय सेतुपति और न ही प्राइम वीडियो इस बारे में बीते हफ्ते हुए कार्यक्रम के दौरान कोई बात करने को तैयार दिखे। विजय सेतुपति इन दिनों नामी निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'मेरी क्रिसमस' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कैटरीना कैफ भी हैं। इसके अलावा एक हिंदी फिल्म विजय ने निर्देशक संतोष सीवन के साथ पूरी की है। विजय सेतुपति तमिल सिनेमा का बड़ा नाम हैं और साउथ के हर बड़े सितारे की तरह वह भी अपना नाम हिंदी फिल्मों में बनाना चाहते हैं। विजय सेतुपति वैसे तो बीते एक दशक से तमिल सिनेमा में सक्रिय हैं। बीच बीच में वह तेलुगू और मलयालम फिल्में भी करते रहे हैं। लेकिन, 'विक्रमवेधा', '96' और 'सुपर डीलक्स' जैसी फिल्मों ने उन्हें हिंदी भाषी क्षेत्रों में शोहरत दिलाई। कोरोना संक्रमण काल के दौरान लोगों ने उनकी फिल्में खूब देखीं। फिल्म 'सुपरडीलक्स' के लिए वह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीत चुके हैं।

लेकिन, बड़े परदे पर विजय सेतुपति की बोहनी हिंदी पट्टी में खास नहीं रही है। बीते साल उनकी फिल्म 'मास्टर' तमिल के साथ ही हिंदी में डब करके रिलीज की गई और फिल्म हिंदी पट्टी में पहले वीकेंड पर ही फ्लॉप घोषित हो गई। आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से भी वह बाहर हो चुके हैं। लेकिन, इसके बावजूद विजय सेतुपति की हिंदी फिल्म निर्माताओं के बीच खासी डिमांड बताई जाती है। तमिल में जितने बजट में पूरी फिल्म बनकर तैयार हो जाती है, विजय सेतुपति को उतनी रकम अकेले अपने लिए हिंदी के फिल्म निर्माताओं से मिल रही है। बताते हैं कि इसी क्रम में उन्होंने ओटीटी अमेजन प्राइम वीडियो से एक मोटी डील हाल ही में फाइनल की है।

अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में मुंबई में एक नुमाइश करके अगले कुछ महीनों में रिलीज होने वाली अपनी ओरीजनल वेब सीरीज, फिल्मों आदि की झलकियां मीडिया के सामने पेश की थीं। इस शाम की शुरुआत राज और डीके की वेब सीरीज 'फर्जी' की पहली झलक के साथ हुई। सीरीज में शाहिद कपूर और राशि खन्ना के साथ विजय सेतुपति भी होंगे। इसी शाम को ये चर्चा खूब रही कि विजय सेतुपति ने प्राइम वीडियो के साथ 60 करोड़ रुपये की तीन प्रोजेक्ट्स की डील साइन की है। इसमें से 'फर्जी' के बाद दूसरा प्रोजेक्ट 'फैमिली मैन 3' बताया जा रहा है।

विजय सेतुपति के इस नए कदम से उनकी कुछ निर्माणाधीन फिल्मों की तारीखें भी आगे पीछे खिसकी हैं। विजय सेतुपति के पास इन दिनों अलग अलग भाषाओं की करीब एक दर्जन फिल्में हैं। इसके चलते ही तमाम हिंदी फिल्म निर्माता उनके साथ फिल्म बनाने से पहले उनकी निर्माणाधीन फिल्मों की लिस्ट तलाश रहे हैं। प्राइम वीडियो के तीन प्रोजेक्ट साइन करने का सीधा असर श्रीराम राघवन की फिल्म 'मेरी क्रिसमस' पर भी पड़ सकता है। इस फिल्म के ओटीटी राइट्स के लिए नेटफ्लिक्स से डील होने की खबरें आती रही हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### जिले के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए 09 मई 2022 से इलेक्ट्रिशियन, दोपहिया वाहन मरम्मत, सीसी टीवी इंस्टालेशन एवं युववितयों के लिए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण हेतु पंजीयन आरंभ किया जा रहा है। पंजीयन पूर्ण होने पर प्रशिक्षण शुरू की जाएगी। बड़ौदा आरसेटी के निदेशक संजीव प्रकाश ने बताया कि नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक प्रशिक्षार्थी बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पहुँच कर या कार्यालय के दूरभाष क्रमांक +91-7723-299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर +91-79997-00673 एवं प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर +91-93402-81974 में सम्पर्क कर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है तथा प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है। प्रशिक्षण के लिए बीपीएल राशन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज की 3 फोटो साथ लाएं।

### हज कमेटी के अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी ईद पर्व की मुबारकबाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहम्मद असलम खान ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा है कि ईद-उल-फितर का पर्व परस्पर प्रेम और सौहार्द्र का पर्व है। रमजान के पवित्र महीने में रोजा और इबादत के फलस्वरूप यह पर्व खुशी के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि पैगंबर साहब की शिक्षा के अनुरूप गरीबों, बेसहारा लोगों की मदद कर आपसी सौहार्द्र को कायम रखते हुए हर्षोल्लास के साथ ईद का पावन त्यौहार मनाए।

### बच्चों को बाल विवाह से बचाकर जीने का पूरा मौका दें - श्रीमती भेंड़िया

मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने अक्षय तृतीया की दी बधाई

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती भेंड़िया ने कहा है कि अक्षय तृतीया पर किये गए काम शुभ माने गए हैं। इस दिन भारतीय समाज में बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते हैं। इस दौरान बाल विवाह के रूप में समाज की एक बड़ी कुरीति भी सामने आती है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि बच्चों को उनका बचपन जीने और विकास का पूरा मौका दें। बाल विवाह कुरीति ही नहीं बच्चों के प्रति अपराध भी है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण जैसे कई मौलिक अधिकारों को उनसे दूर कर देता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बाल-विवाह की जानकारी होने पर प्रशासन को इसकी सूचना तुरंत देकर सहयोग करें।

# रानी स्व सहायता समूह की महिलाएं मसाला उत्पादन से 71 हजार रूपए की लाभ अर्जित की

### छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन का जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** जिले के गोठानों में कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें विभिन्न रोजागर मूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। साथ ही प्रषिक्षण के माध्यम से अनेक प्रकार के कौषल भी उनमें विकसित किए जा रहे है। जिससे महिलाएं अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से सहायता प्रदान कर सके।

इसी कड़ी में कांसाबेल के ग्राम पंचायत बगिया गौठान की रानी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मल्टिएक्टीविटी के तहत् जिला प्रषासन के सहयोग से मसाला प्रसंस्करण इकाई






की स्थापना की गई। जिसके उपरांत समूह ने चक्रिय निधि से 15 हजार एवं सामुदायिक निवेष से 60 हजार रुपए प्राप्त कर मसाला प्रसंस्करण प्रारंभ किया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि प्रसंस्करण में हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर बनाकर हॉस्टल-आश्रम, छात्रावास, हाट-बाजारों में विक्रय करने लगी है। जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा मिल रहा है। महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें अब तक 71 हजार 400 रुपए का आमदनी प्राप्त हुई है। वर्तमान में जिला में स्थापित सी-मार्ट में भी समूह द्वारा बनाए गए मसालों की आपूर्ति कर रहे है। महिलाओं ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं विभागों के माध्यम से दिया गया सहयोग उनके लिए सार्थक साबित हो रहा है। जिससे वे परिवार की आर्थिक मदद भी कर पा रही है। महिलाओं ने गोठान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में गोठान बन जाने से कई प्रकार की सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही है। सभी महिलाओं ने छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रषासन महिलाओं के एवं बेरोजगारी को कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है।

# चारधाम यात्रा: पहले ही दिन मंडरा रहे संकट के बादल, बारिश के साथ भूस्खलन का खतरा

**देहरादून (ए)।** दो साल बाद पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ आज से चारधाम यात्रा, शुरू हो रही है। यमुनोत्री धाम के कपाट आज ही खुलेंगे। गंगोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के साथ ही यमुनोत्री भी चारधाम का हिस्सा है। यहीं से चारधाम यात्रा की शुरुआत मानी जाती है।



लेकिन पहले ही दिन इस पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पहले ही दिन मौसम तीर्थयात्रियों के साथ ही सरकार समेत जिला प्रशासन का कड़ा इम्तिहान लेगा। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं से मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश की संभावना जताई है। यदि मौसम विज्ञानियों की भविष्यवाणी सच होती है और पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश होती है, तो इसका सीधा असर चारधाम यात्रा पर भी पड़ेगा। बारिश के चलते जहां चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं, वहीं चारधाम यात्रा को लेकर सरकार, शासन, जिला प्रशासन की ओर से की गई तैयारियों की भी कलई खुल सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी की रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रा के पहले दिन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश की पूरी संभावना है। यदि मैदान से लेकर पहाड़ों तक तक बारिश होती है, तो चारधाम यात्रा मार्गों में भी बारिश से भूस्खलन का पूरा खतरा रहेगा।

### भूस्खलन हुआ तो यात्रा के भी प्रभावित होने का खतरा

यात्रा मार्ग पर बारिश से भूस्खलन होता है तो यात्रा के भी प्रभावित होने का खतरा है। वैसे तो सरकार, शासन और चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिला प्रशासन की ओर से यात्रा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े सभी अफसरों, कर्मियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, लेकिन मौसम विज्ञानियों ने जिस तरह से बारिश की संभावना जताई है, उसे देखते हुए सरकार के साथ शासन-प्रशासन के अफसरों को और अधिक अलर्ट रहने की जरूरत है।

### आज तेज हवाओं के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट

पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की सक्रियता से मंगलवार को मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश के आसार है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बिजली गिरने व 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने की भी संभावना जताई है। बारिश के चलते मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक, आज पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। चार व पांच मई को पर्वतीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी, जबकि मैदान में आसमान में बादल छाए रहेंगे। छह व सात मई को फिर मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश की संभावना है। पर्वतीय इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। कुछ इलाकों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने की भी संभावना है। राजधानी दून और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे, साथ ही बारिश होने की पूरी संभावना है।

### रात आठ बजे के बाद चारधाम नहीं जा सकेंगे वाहन

चारधाम यात्रा शुरू होने के साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। परिवहन मुख्यालय के निर्देश पर यात्रा मार्गों पर डामटा, तपोवन, कुठालगेट, ब्रह्मपुरी में स्थापित चेक पोस्टों पर कर्मचारियों की तैनाती के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी गई है। आरटीओ (प्रवर्तन) सुनील शर्मा ने बताया कि तीर्थयात्रियों के वाहनों को सुबह पांच से रात आठ बजे तक ही आने-जाने दिया जाएगा। सुबह पांच बजे से पहले वाहनों को चारधाम पर जाने की इजाजत नहीं होगी। इसी प्रकार रात आठ बजे के बाद भी यात्री वाहन चारधाम नहीं जा सकेंगे। परिवहन विभाग की ओर से स्थापित चेक पोस्टों पर वाहनों का पंजीकरण करने और कागज की जांच के बाद ही यात्रा की अनुमति दी जा रही है। चारधाम यात्रा पर जाने वाले वाहनों के ग्रीन कार्ड भी चेक किए जा रहे हैं।

# 153 सरकारी प्राइमरी स्कूलों में एक भी विद्यार्थी नहीं, लटके ताले



**शिमला (ए)।** हिमाचल प्रदेश में पहली से पांचवीं कक्षा के 153 सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में एक भी विद्यार्थी का दाखिला न होने की वजह से ताले लटक गए हैं। जिला शिमला में सबसे अधिक 39, कांगड़ा में 30 और मंडी में ऐसे 26 स्कूल हैं। 10 विद्यार्थियों की संख्या वाले 2,100, छह से नौ बच्चों वाले 1,274 और पांच बच्चों वाले 673 स्कूल हैं। शून्य दाखिलों वाले स्कूलों के भविष्य को लेकर सरकार ने मंथन शुरू कर दिया है। इन स्कूलों में नियुक्त करीब 250 शिक्षकों को अध्यापकों की कमी से जूझ रहीं पाठशालाओं में भेजा जाएगा। प्रधान सचिव शिक्षा डॉ. रजनीश ने बताया कि सरकार को अवगत करवा दिया गया है। सरकार के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में प्राइमरी स्कूलों की संख्या करीब 10,500 है। पूर्व सरकारों के कार्यकाल के दौरान कई जगह एक से दो किलोमीटर की दूरी पर प्राइमरी स्कूल खोल दिए गए थे। एक से दो कमरे वाले इन स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बैठाया जाता है। कई स्कूलों में पीने के पानी और शौचालयों का उचित बंदोबस्त भी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुले प्राइमरी स्कूलों की हालत भी बहुत दयनीय है। ऐसे में प्रदेश में निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या और सरकारी स्कूलों में अभिभावकों के घटते विश्वास के चलते साल दर साल सरकारी पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या घट रही है।

# जैविक खाद उत्पादन कर आत्मनिर्भर हो रही हैं समूह की महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''सुराजी गांव योजना'' जिसका घटक नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी विकास कार्यक्रम के घुरूवा संवर्धन के तहत बलरामपुर- रामानुजगंज जिले में गोबर की उचित प्रबंधन करने हेतु कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा निरंतर प्रयास कर कृषकों के घर-घर तक तकनीकी जानकारी दी जा रही। जिससे कृषक एवं महिला समूह न केवल जैविक खाद उत्पादन कर रहे है, बल्की इससे आर्थिक लाभ लेकर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। राज्य शासन की योजना को गौठान से घर-घर तक पहुचाने में कृषि विभाग का कामयाबी यह एक साक्ष्य है। इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड बलरामपुर अन्तर्गत रनहत ग्राम पंचायत में जहां राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना द्वारा निर्मित वर्मी टैंक में कृषि विभाग की उचित तकनीकी मार्गदर्शन एवं आजिवीका मिशन की सहायता से स्व-सहायता समूह के महिला सदस्यों द्वारा केचुंआ खाद उत्पादन कर उसे अपने खेत में प्रयोग कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री मितान योजना से आम नागरिकों को मिलने लगा लाभ

### अनुराधा और अदविक को मितान ने दो घंटे के भीतर घर पहुंचाकर दिया जन्म प्रमाण पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री मितान योजना से नागरिकों को घर बैठे नागरिक सेवाएं मिलनी लगी है। इस योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर बिना किसी देरी के प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही शुरू हो गई है। बिलासपुर जिले की महामाया विहार निवासी अनुराधा उपाध्याय और अदविक उपाध्याय को जन्म प्रमाण पत्र टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करने के दो घंटे के भीतर ही घर पर प्राप्त हो गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 01 मई को मुख्यमंत्री मितान योजना के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया था।

मुख्यमंत्री मितान योजना से नागरिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बिलासपुर जिले की माहामाया निवासी अनुराधा उपाध्याय और अदविक उपाध्याय ने जन्म





प्रमाण पत्र बनवाने के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल किया। कॉल करने के कुछ ही देर में मितान उनके घर पहुंचा और उसने आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए। उसके बाद मितान दो घंटे के भीतर ही जन्म प्रमाण लेकर उनके घर पहुंचा। दोनों ने मुख्यमंत्री मितान योजना से जन्म प्रमाण पत्र का लाभ घर पर अपने सुविधाजनक समय पर मिलने से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पहले जन्म प्रमाण पत्र के लिए काफी समय लगता था और कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। मुख्यमंत्री मितान योजना के शुरू हो जाने से शासकीय सेवाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिलने लगा है। इससे आम नागरिकों को सेवाएं सहजता से सुलभ होने लगी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से नागरिकों को विशेषकर बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं निरक्षरों को घर बैठे आसानी 100 प्रकार की सेवाएं घर बैठे मिल सकेंगी। अभी वर्तमान में प्रथम चरण में प्रदेश के 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस योजना के तहत नागरिकों को मूल निवास प्रमात्र पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि-रिकार्ड आदि की प्रति), मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार आदि नागरिक सेवाएं घर बैठे मिलेंगी।


































## खास-खबर

### महिला दोस्त को पत्नी बताकर दिल्ली के व्यक्ति ने रायपुर के होटल में लिया कमरा, असली पत्नी ने दर्ज कराया अपराध

**रायपुर (ए)।** देश की राजधानी दिल्ली से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आए एक व्यक्ति ने दूसरी महिला को पत्नी बताकर रायपुर में होटल लिया था। होटल में उसने महिला के स्थान पर अपनी पत्नी की आइडी जमा करवाई थी। साल भर पहले हुई इस बात की जानकारी उक्त व्यक्ति की पत्नी को लग गई। उसने दिल्ली से रायपुर के होटल में फोन कर जानकारी ली। जब उसने आइडी देखी तो ये उनकी आइडी थी। महिला की शिकायत पर गंज पुलिस ने पति के विरुद्ध दस्तावेज के दुरुपयोग को लेकर धारा 120 बी और 419 के तहत अपराध दर्ज किया है। गंज पुलिस ने बताया कि जिस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उसका नाम गुरुदयाल वर्मा है। वह दिल्ली का रहने वाला है। उसकी पत्नी ने एफआइआर दर्ज करवाई है। एक साल पहले वह गंज इलाके के एक होटल में आकर रुका था। यहां उसके साथ एक महिला भी आई थी। आरोपित होटल में इस महिला के स्थान पर अपनी पत्नी की आइडी दिखाकर कमरा लिया था। पुलिस ने कहा कि ऐसा कर उसने होटल प्रबंधक को गुमराह किया। पीड़ित महिला ने दिल्ली में रहकर अपने पति के खिलाफ अपराध दर्ज कराया था। वहां शून्य में अपराध दर्ज किया गया था। केस डायरी के आधार पर गंज पुलिस ने इसे अपने थाने में अपराध दर्ज किया।

### रायपुर में वाहन बीमा पालिसी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला एजेंट गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में वाहन बीमा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंट को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस थाना में प्रार्थी निरज मोटर्स, वेंकट राव मोटर्स, गणपति मोटर्स डीलर्स के संचालक वेंकट राव समेत अन्य ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उल्लेखित है कि यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस का एजेन्ट अनिल गुप्ता जो कि इनके पुराने वाहन का बीमा पालिसी करता था। बीमा पालिसी के वैल्यू और प्रीमियम कंपनी के बांड से अलग कूटरचित दस्तावेज बीमा पत्रक तैयार कर जिसमें वाहन का वैल्यू एवं प्रीमियम अधिक बताकर 40 वाहनों का बीमा करने में 1,50,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई है। जिस पर थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्र- 121/22 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस के एजेन्ट अनिल गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### रिटायर्ड इंजीनियर के क्रेडिट कार्ड से तीन लाख से ज्यादा की ठगी

**रायपुर (ए)।** राजेंद्र नगर थाना इलाके में लोक निर्माण विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर को ठगों ने अपना निशाना बनाया है। क्रेडिट कार्ड की जानकारी पूछ कर तीन लाख 14 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने अज्ञात फोन धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर थाने में शांति रेसीडेंसी सोसायटी आम्रपाली सोसायटी निवासी वज्जला वेंकट राव ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस के मुताबित वज्जला के नंबर में 18 अप्रैल को अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को क्रेडिट कार्ड आरबीएल क्रेडिट कार्ड विभाग से होना बताया। इसके बाद उसके द्वारा प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी पूछी गई। इसके कुछ देर बाद खाते से अलग-अलग किस्तों में दो क्रेडिट कार्ड से तीन लाख 14 हजार रुपये कट गए।

### शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म केस दर्ज

**रायपुर (ए)।** सिविल लाइन थाना इलाके में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर हेमंत साहू पर दुष्कर्म के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपित ने युवती से संपर्क किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। कुछ दिन बाद जब युवती ने शादी की बात कही तो युवक ने शादी करने से मना कर दिया। जिसके खिलाफ युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

बेटे के सामने पिता की पीट-पीट कर हत्या

# दवा व्यापारी के 2 लड़कों ने लिफ्ट लगाने वाले व्यापारी पर लात-घूंसों और डंडे से मारा

**रायपुर (ए)। रायपुर के देवपुरी इलाके में एक शख्स की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने लात-घूंसे और डंडों से पीट-पीटकर 48 साल के शख्स की जान ले ली। सोमवार रात इस वारदात को अंजाम दिया गया। जिस शख्स की हत्या की गई उसका बेटा भी वहीं मौजूद था। बेटे के सामने ही बेरहमी से उसके पिता का कत्ल किया गया।**



घटना देवपुरी के मेडिकल कॉम्प्लेक्स से जुड़ी हुई है। 48 साल का मनोज भलाधरे लिफ्ट लगाने का काम करता था। इसने दवा व्यापारी दिलीप रहेजा की दुकान में लिफ्ट लगाई थी। कुछ दिन पहले लिफ्ट के खराब हो जाने की वजह से दिलीप रहेजा ने मनोज को रिपेयरिंग के लिए बुलवाया था।

#### घटिया क्वॉलिटी की लिफ्ट लगाने की बात कहकर पीटा

मनोज अपने 18 साल के बेटे कुणाल के साथ देवपुरी के मेडिकल कॉम्प्लेक्स पहुंचा था। यहां दिलीप के दो बेटों ने मनोज के साथ विवाद करना शुरू कर दिया कहने लगे कि उसने घटिया क्वालिटी के लिफ्ट लगाई। रौब झाड़ते हुए मनोज के साथ धक्का-मुक्की करने लगे मनोज और उसके बेटे कुणाल ने विरोध किया तो दिलीप के दोनों बेटे मारपीट पर उतारू हो गए।

#### पिता-पुत्र को दुकान में बंधक बनाया

बात इस कदर बढ़ी कि दिलीप रहेजा के बेटों ने मनोज और कुणाल को दुकान में ही बंधक बना लिया और लाठी-डंडों से पीटने लगे। कुणाल के सामने ही उसके पिता को बुरी तरह से पीटा गया। सिर पर डंडे चलाए गए और सीने पर लात घूंसे से वार किया गया। 48 साल के मनोज ने वहीं दम तोड़ दिया।

#### हत्यारोपी फरार, पिता से पूछताछ जारी

उसका बेटा कुणाल देख रहा था। आरोपियों ने उसे भी बंधक बनाकर खूब पीटा। इसके बाद घायल कुणाल और उसके पिता को पचपेड़ी नाका के एक प्राइवेट अस्पताल के बाहर छोड़कर आरोपी भाग गए, तब मामला पुलिस के पास पहुंचा। सिटी एसपी तारकेश्वर पटेल ने कहा है कि दिलीप रहेजा के बेटों की इस मामले में तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मारपीट की वजह से मनोज की जान गई उसके बेटे को भी चोट आई है।

# बिजली कर्मचारी से मारपीट करने वाला सरपंच पति गिरफ्तार




**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा में बिजली कर्मचारी से मारपीट मामले में पुलिस ने सोमवार को सरपंच पति नरसिंह साहू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पहले तो बिजली का बिल नहीं जमा किया, जब 10 दिन पहले कर्मचारी कनेक्शन काटने के लिए पहुंचे तो उन्हें थप्पड़ मारा और गालियां दी थी। इस पर कर्मचारियों ने मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला चांपा थाने में दर्ज कराया था। इसके बाद से ही आरोपी फरार था।

जानकारी के मुताबिक, उमरेली निवासी संतोष कुमार देवांगन छत्तीसगढ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी सिवनी में हेल्पर के रूप में पदस्थ है। वह 21 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे जूनियर इंजीनियर और अन्य स्टाफ के साथ विभागीय आदेश के तहत उपभोक्ताओ का बिजली कनेक्शन काटने और बिल वसूलने के लिए कुरदा पहुंचे थे। वहां गांव की ही सरपंच उर्वशी साहू का तीन महीने का बिल 73 हजार रुपए बकाया था। गांव के कबीर चौक पर सरपंच पति नरसिंह साहू मिल गए। इस पर कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि पिछले तीन महीने से 34 हजार, 29 हजार और 10 हजार रुपए बिल ही नहीं जमा किया गया है। इसके चलते वह कनेक्शन काटने के लिए आए हैं। आरोप है कि इस पर सरपंच पति नरसिंह साहू तैश में आ गया और गाली गलौच करने लगा। संतोष देवांगन उसे समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मार दिया। जिसके चलते खून बहने लगा।

इस दौरान बाकी लोगों ने बीच बचाव कर संतोष को सरपंच पति के चंगुल से छुड़ाया तब आरोपी ने बाकी से भी अभद्रता और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बाद सभी चांपा थाने पहुंचे और सरपंच पति के हमले से घायल संतोष ने थाने में घटना की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया तो पता चलने पर नरसिंह साहू फरार हो गया था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस जांच में खुला हत्या का राजः दोस्तों से कहा- श्मशान में दबे हैं 10 लाख रुपए, झूठ खुला तो मिलकर हत्या कर दी

**बिलासपुर (ए)।** एक दिन पहले दुर्ग के बाल संप्रेक्षण गृह से भागे आरोपी किशोर की सरकंडा के अरपा नदी में सुबह लाश मिली थी। गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। एक दिन पहले 1 मई की सुबह 8 बजे वह अपने 6 अन्य साथियों के साथ वहां से फरार हो गया था। पुलिस ने जांच की तो हत्या का राज खुला। वह चोरी के आरोप में कई बार जेल जा चुका था। साथियों को बताया कि उसने करीब 10 लाख रुपए सरकंडा के चिंगराजपारा श्मशानघाट में गाड़कर रखा है। सभी लालच में आ गए और संप्रेक्षण गृह से भागकर बिलासपुर पहुंचे। यहां किशोर उन्हें इधर-उधर घुमाता रहा। रकम नहीं मिली तो सभी ने मिलकर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी और भाग निकले। इनमें से एक भिलाई में पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में उसने पूरी कहानी बताई। चिंगराजपारा से शनिचरी जाने वाले मार्ग पर अरपा नदी के किनारे सुबह पानी में उसकी लाश मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल प्रमोद सिंह ने शव की पहचान चिंगराजपारा राजीव नगर निवासी राहुल साहू उर्फ सुंडा पिता रामप्रसाद साहू (17) के रूप में की।



वह आदतन चोर था। किसी ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी। शव नदी में पड़ा था और नदी के बाहर घसीटने के निशान थे। वहां पर खून भी फैला हुआ था। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। टीआई परिवेश ने किशोर के घरवालों को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही पिता रामप्रसाद सहित परिजन मौके पर पहुंचे। पिता ने बताया कि राहुल को करीब 5 माह पहले चोरी के किसी मामले में दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया था। रामप्रसाद ने बताया कि राहुल के भागने के बारे में भी उन्हें पता नहीं था और न ही वह घर आया था। बिलासपुर आया तो वह घर क्यों नहीं गया, यह जांच का विषय है। राहुल के साथ भागे हुए किशोर भी उसके साथ आए थे या नहीं। पुरानी रंजिश भी पुलिस देख रही है। राहुल दुर्ग से शहर कैसे पहुंचा और उसके साथ कौन था, इसका पता लगाने के लिए पुलिस बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है।

#### भागने की नहीं दी संबंधित थाने में सूचना

सरकंडा पुलिस के अनुसार दुर्ग संप्रेक्षण गृह से राहुल के भागने की सूचना नहीं दी गई है। जबकि किसी के भागने पर उस जिले के संबंधित थाना क्षेत्र को इसकी सूचना देना जरूरी होता है। नाश्ता करते समय केयर टेकर से मारपीट कर भागे थे : किशोर नाश्ता देने के समय चैनल गेट को फैलाकर व केयर टेकर से मारपीट कर भागे थे। पुलगांव थाने में इसकी सूचना दी गई थी। भागने वालों में दो किशोर हत्या के आरोपी थे।

# उसलापुर के फुटपाथ से कब्जा हटाने चली ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर (ए)। अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ बनाने निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देश के बाद लगातार दिनों में कार्रवाई करते हुए फुटपाथ और पार्किंग स्थल को अतिक्रमण मुक्त बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने उसलापुर क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान उसलापुर ओवरब्रिज के पास बने साइड रोड में बने फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाया गया। साथ ही क्षेत्र के पार्किंग स्थल को भी खाली कराया गया। इसे दौरान ठेले व गुमटियां जब्त करने की कार्रवाई की गई।**

शहर की सभी मुख्य सड़कों पर फुटपाथ की सुविधा दी गई है, ताकि सड़कों में बिना किसी दिक्कत के यातायात संचालित हो सके और पैदल चलने वाले फुटपाथ का उपयोग कर सकें। लेकिन फुटपाथ बनने के साथ ही इन पर कब्जा कर लिया गया है। लगभग सभी फुटपाथ पर फास्ट फूड वालों के साथ ही ठेला, गुमटियां वालों का कब्जा है। ऐसे में फुटपाथ का सही उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। पैदल राहगीरों को फुटपाथ में चलना नसीब नहीं हो पाता है और इन्हें भी वाहनों के जोखिम के बीच सड़कों पर ही चलने के लिए मजबूर होना पड़ जाता है।

नगर निगम आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने अतिक्रमण रोधी टीम को फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश दे दिए हैं। इसी के तहत सोमवार को टीम ने उसलापुर मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की और फुटपाथ को फ्री बनाया गया। साथ ही पार्किंग वाले स्थान पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया है। इस दौरान ठेले, गुमटियों को जब्त किया गया।

# प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ टिकरापारा के संजय नगर से दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले आरोपितों को रायपुर पुलिस गिरफ्तार कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की टीम ने दो आरोपितों को कफ सिरप के साथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार टीम को सूचना मिली कि टिकरापारा थाना क्षेत्र के संजय नगर स्थित बकरा मार्केट पास दो व्यक्ति अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली सिरप बिक्री करने की फिराक में है।

इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी द्वारा प्रभारी एंटी क्राइम और साइबर यूनिट व थाना प्रभारी टिकरापारा को आरोपितों को प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्तियों को



चिह्नांकित कर बातचीत करने की कोशिश की गई। इस पर दोनों भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें दौड़कार पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम मोहम्मद आशीम और असफाक हुसैन निवासी टिकरापारा रायपुर का होना बताया।

टीम के सदस्यों को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली, उक्त सिरप रखने के संबंध में दोनों से वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत करने का कहने पर उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर आरोपी मोहम्मद आशीम और असफाक हुसैन को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 90 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप, जिसकी कीमत लगभग 15,000 रुपये आंकी गई है, उसे जब्त किया गया। वहीं आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्?मद आशीम पुत्र मोहम्मद सफीक (34) निवासी शिवनगर मठपुरैना और असफाक हुसैन पुत्र इकबाल हुसैन (33) निवासी संजयनगर आरडीए प्लाट शामिल हैं। वहीं इन दोनों आरोपितों को पकड़ने और कार्यवाही में एंटी क्राइम और साइबर यूनिट से प्रधान आरक्षक कुलदीप द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, अनुप मिश्रा, आरक्षक उपेन्द्र यादव, संतोष सिन्हा, प्रदीप साहू, आलम बेग और थाना टिकरापारा से उपनिरीक्षक सुशील कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# राशनकार्ड को आय का जरिया बनाने वाला कर्मचारी निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

## दो को कारण बताओं नोटिस



**रिसाली।** नया राशनकार्ड बनाने के नाम पर हितग्राहियों से रूपए लेने वाले कर्मचारी धर्मरक्षक पाठक को निलंबित कर दिया गया। रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन ने सोमवार देर शाम आदेश जारी किया। उन्होंने बिना सूचना के कार्यालय से नदारद रहने वाले प्रभारी अधिकारी खाद्य व समय सीमा के भीतर कार्य का संपादन नहीं करने वाली महिला सहायक अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

नए राशनकार्ड बनाने और राशनकार्ड में नामों का संसोधन करने के नाम पर रूपए मांगने की शिकायत लगातार मिलने पर आयुक्त आशीष देवांगन ने जांच प्रतिवेदन को आधार बनाते हुए निलंबन की कार्यवाही की। धर्मरक्षक पाठक चतुर्थ वर्ग कर्मचारी है। वह प्राप्त आवेदन का सत्यापन कर राशनकार्ड शाखा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करता था। शिकायत मिली थी कि सत्यापन कार्य के समय वह हितग्राहियों से यह कहकर रूपए ऐठ लेता था कि कार्ड जल्दी बनवा देगा। शिकायत जांच में आरोप प्रमाणित होने पर आयुक्त ने निलंबन कार्यवाही की।

### अतिक्रमण को दे रहा था बढ़ावा

शिकायत में यह बात भी सामने आई थी कि निलंबित कर्मचारी अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहा था। रूपए लेकर वह अतिक्रमण करने लोगों को प्रोत्साहित कर रहा था। इसी तरह की लगातार शिकायत मिलने पर आयुक्त ने जांच आदेश दिए थे।

### 19 अप्रैल को किया था अगाह

राशनकार्ड समय पर नहीं बनाने और रूपए मांगने की शिकायत मिलने पर महापौर शशि सिन्हा व एमआईसी सद्स्य राजस्व विभाग कार्यालय पहुंचे थे। तब महापौर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अगाह किया था कि वे ईमानदारी से कार्य करे। इसके बाद भी कर्मचारियों ने चेतावनी को हल्के में लिया।

### गायब मिला, मोबाईल भी नहीं उठाया

आयुक्त आशीष देवांगन सोमवार को टंकी कार्यालय स्थित राजस्व विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी खाद्य अधिकारी धनुष वर्मा गायब थे। सहायक राजस्व अधिकारी व आयुक्त मोबाईल पर चर्चा करने का प्रयास किया। फोन नहीं उठाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह निरीक्षण के दौरान स्पष्ट हुआ कि खाद्य लिपिक शालिनी गुरव निर्धारित समय सीमा में राशनकार्ड प्रकरणों का निराकरण नहीं कर रही है। सवाल जवाब में राशनकार्ड लंबित प्रकरणों की संख्या बताने में भी टाल मटोल करती रही। आयुक्त ने दोनो कर्मचारियों को 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।




# आयुक्त ने पीएचसी कोहका किया निरीक्षण, कोविड वैक्सीन की ली जानकारी, शेड निर्माण जल्द पूरा कराने एई को दिया निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम न केवल पानी, साफ-सफाई व्यवस्था पर ध्यान दे रहा है, अपितु लोगों के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर है। महापौर नीरज पाल ने क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दे रखे हैं। वे कोविड-19 टीकाकरण सहित स्वास्थ्य केंद्रों में अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराने को लेकर अत्यधिक संवेदनशील हैं। वार्ड वार टीकाकरण के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है। आयुक्त प्रकाश सर्वे आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां उन्होंने टीकाकरण केंद्र में प्रभारी चिकित्सक व टीकाकरण प्रभारी से वैक्सीनेशन की जानकारी ली। इसके तहत वे को-वैक्सीन, कोविशील्ड की उपलब्धता, टीकाकरण के निर्धारित लक्ष्य के साथ आदि व्यवस्थाओं से अवगत हुए। ओपीडी में आने वाले अन्य मरीजों की जानकारी लेते हुए पंजी का निरीक्षण किया। साथ मेडिकल के आवक-जावक व उनके स्टॉक पंजी को देखा। साथ ही हाजिरी रजिस्टर का अवलोकन कर चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति जांची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में खनिज न्यास निधि से 10 लाख की लागत से बन रहे बाउंड्रीवाल वे शेड निर्माण की जानकारी ली। अधूरा शेड निर्माणाधीन एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से जल्द पूरा कराने के निर्देश सब इंजीनियर गौरव अग्रवाल को दिए।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950